


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 209 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 13 मई 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## आरबीआई का आदेश: अरबों रुपए के मालिकों को खोजकर बैंक करेगा भुगतान, 100 दिन चलेगा अभियान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बैंकों में बिना दावे वाली पड़ी अरबों रुपये की रकम के मालिकों को खोजने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अब 100 दिन का अभियान चलाएगा। इस अभियान को 100 डेज-100 पेज नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत हर बैंक 100 दिनों के अंदर देश के हर जिले में शीर्ष 100 बिना दावे वाले जमाकर्ताओं को खोजेगा और उसका भुगतान करेगा।

आरबीआई के आदेश पर सभी बैंक एक जून से इस अभियान की शुरुआत करेंगे। नियम के मुताबिक, जिस भी बचत या चालू खाता को 10 साल तक नहीं चलाया जाता है, या कोई टर्म जमा का खाता है जिसमें 10 साल तक कोई दावा नहीं करता है, ऐसे खातों में पड़ी रकम को लावारिस या बिना दावे वाली रकम माना जाता है। बैंक इन ग्राहकों से संपर्क करने की कोशिश भी करते हैं। इसके बावजूद अगर कोई दावेदार नहीं मिलता तो यह एक विशेष खाते में चली जाती है।



### वित्त मंत्री सीतारमण ने दिया था निर्देश

हाल ही में एक बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बिना दावे के रकम को लेकर नियामकों से कहा था कि वे बैंकिंग शेयर, डिविडेंड, म्यूचुअल फंड या इंश्योरेंस के रूप में जहां भी बिना दावे वाली रकम पड़ी है, उसके निपटारे के लिए विशेष अभियान संचालित करें। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ का कहना है कि ऐसे मामलों में जहां नामित व्यक्ति की जानकारी नहीं है, वहां निर्धारित प्रक्रिया के तहत कदम आगे बढ़ाए जाएंगे।

### सरकारी बैंकों में बिना दावे के जमा हैं करीब 35,000 करोड़, सबसे ज्यादा एसबीआई में

सरकारी बैंकों में करीब 35,000 करोड़ रुपये की रकम ऐसी है जिस पर किसी ने अपना दावा नहीं किया है। सरकारी बैंकों ने इस पैसे को रिजर्व बैंक को ट्रांसफर कर दिया है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई में 8,086 करोड़ रुपये के लावारिस हैं। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक में 5,340 करोड़ रुपये, केनरा बैंक में 4,558 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा में 3,904 करोड़ रुपये हैं।

### भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआआईसी) के पास भी 21 हजार करोड़ से ज्यादा

भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बैंकों में बिना दावे वाली रकम सबसे ज्यादा है। वहीं, जीवन बीमा कंपनियों में 31 मार्च, 2021 तक 22,043 करोड़ रुपये और गैर जीवन बीमा कंपनियों के पास 1,241.81 करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हैं। एलआईसी के पास ही अकेले 21,538.93 करोड़ रुपये की ऐसी जमा रकम है।

## खास - खबर

### तीन साल की मासूम के साथ दरिंदगी, लहूलुहान हालत में मिली बच्ची पड़ोसी बना हैवान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 3 साल की बच्ची के साथ हैवानियत का मामला सामने आया है। पिता के उम्र के आरोपी ने मासूम के साथ दरिंदगी को अंजाम दिया। आरोपी युवक ने चॉकलेट दिलाने के बहाने पड़ोस में रहने वाली बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। यह मामला नवा रायपुर के राखी थाने क्षेत्र का है। राखी थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पाक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

बताया जाता है कि बच्ची के माता-पिता मजदूरी करते हैं। 12 मई को बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। उसे देखकर 36 वर्षीय आरोपी करण यादव ने मासूम को चॉकलेट का प्रलोभन देकर उसे दुकान ले जाने के बहाने उसके साथ गंदा काम किया। इस दौरान घर में बच्ची के मां खाना बना रही थी। उसका पिता घर पर नहीं था। आरोपी ने खेलते हुए बच्ची को दुकान के बहाने उसे कूड़े के ढेर के पास बने एक कमरा में ले गया। इसके बाद मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के पूरी तरह से लहूलुहान होने पर उसे घर के बाहर छोड़कर वहां से भाग निकला। दर्द से रोती हुई बच्ची को आवाज सुनकर उसकी मां दौड़ती हुई आई। बच्ची को देखकर चौंक गई। मासूम की मां ने देखा तो बच्ची के प्राइवेट पार्ट से ब्लड निकल रहा था। बच्ची दर्द से रो रही थी। इसके बाद बच्ची ने पूरी घटनाक्रम को बताया। इस तरह की हैवानियत को सुनकर बच्ची के माता-पिता ने राखी थाना में आरोपी करण यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल टेस्ट करवाया तो मामले की पुष्टि हुई।

### छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार हुई धीमी, 24 घंटे में मिले 58 मरीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की रफ्तार धीरे धीरे कम हो रही है। पिछले कई दिनों से कोरोना के आंकड़ों में काफी गिरावट दर्ज हुई है। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे में 58 नए केस आए हैं। वहीं 2938 सैंपलों की कोरोना जांच की गई है। आपको बता दें कि प्रदेश में 15 जिला से कोरोना संक्रमित पाए गए और शेष जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव : रुझानों में कांग्रेस को बहुमत, भाजपा और जेडीएस को नुकसान

## कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार तय!




**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक के लिए ऐतिहासिक दिन है। सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई। रुझान भी सामने आ गए हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी है। चुनाव आयोग के मुताबिक रुझानों में कांग्रेस को बहुमत मिल गया है। कांग्रेस-129, भाजपा-66 और जेडी(एस)-22 और अन्य 7 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं समाचार लिखे जाने तक यह स्थिति बनी हुई है।

बता दें 10 मई को कर्नाटक विधानसभा की 224 विधानसभा सीटों मतदान हुआ। यहां 72.82 फीसदी लोगों ने वोट डाले थे। इस बार चुनाव में कुल 2,615 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई है। सभी उम्मीदवारों की किस्मत का पिटारा आज खुल रहा है। एग्जिट पोल के नतीजे वास्तविक नतीजों में बदलते दिख रहे हैं। भाजपा को यहां भारी नुकसान हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी को लगभग 38 सीटों का नुकसान हो रहा है। वहीं कांग्रेस को 49 सीटों की बढ़त मिल रही है।

### पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कर्नाटक में हारी भाजपा

कर्नाटक चुनाव के नतीजे काफी हद तक साफ हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक में भी भाजपा को बड़ा झटका लगा है। पिछले एक साल के अंदर ये दूसरा राज्य है, जिसकी सत्ता भाजपा के हाथ से कांग्रेस ने छीन ली। इसका बड़ा सियासी मतलब निकाला जा रहा है। खासतौर पर भाजपा के लिए बड़ी चिंता की बात है।

### स्पष्ट बहुमत की ओर कांग्रेस

कर्नाटक में कांग्रेस की पांच गारंटी का जादू चलता दिख रहा है। प्रदेश में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच गारंटी दी जिसमें शक्ति योजना के माध्यम से नियमित केएसआरटीसी/बीएमटीसी बसों में सभी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा, गृह ज्योति योजना के माध्यम से 200 यूनिट मुफ्त बिजली देगी, अन्नभाग्य योजना में 10 किलो चावल की गारंटी, गृह लक्ष्मी योजना के माध्यम से परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को हर महीने 2,000 रुपए, युवानिधि योजना के माध्यम से बेरोजगार स्नातकों को दो साल के लिए 3,000 रुपए प्रति माह और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपए प्रति माह शामिल हैं।

### महंगाई बनी भाजपा की मुसीबत

कर्नाटक में भाजपा की तय लग रही हार का बड़ा कारण महंगाई है। पिछले 8-9 सालों में केन्द्र की भाजपा सरकार ने आम आदमी की जरूरत की चीजों की कीमतें आसमान में पहुंचा दी है। पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस आम आदमी को रुला रहा है। केन्द्र सरकार लगातार इनकी कीमतों में वृद्धि कर रही है जिसका खामियाजा इस कर्नाटक में देखने को मिला। आगे मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। कांग्रेस ने तो अभी से मध्यप्रदेश व राजस्थान में रसोई गैस को सस्ते में देने का ऐलान कर चुकी है।

## ईडी पर सीएम भूपेश का तंज भस्मासुर है ईडी, एक दिन तो पाप का घड़ा भरेगा, अति का अंत निश्चित है




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ईडी की लगातार कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमलावर है। मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी को भष्मासुर कहा है। उन्होंने पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि भस्तासुर को शिव का वरदान मिला था कि वह जिसे छुएगा वह भस्म हो जाएगा। कोई नहीं मिला तो वह वरदान देने वाले भगवान शिव के पीछे ही पड़ गया। तब भगवान विष्णु ने मोहनी का अवतार लिया और भस्मासुर का अंत किया। उन्होंने कहा कि हर अति का अंत निश्चित है और भस्मासुर रूपी ईडी का भी अंत होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार शाम को मीडिया से चर्चा कर रहे थे। दरअसल मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर व भिलाई में कथित शराब घोटाले के नाम पर ईडी व सीबीआई की कार्रवाई को लेकर काफी आक्रोशित हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ईडी व सीबीआई छत्तीसगढ़ के गली मोहल्लों में घूम रही है। पहले ईडी के पहुंचने पर लोग सोचते थे कि प्रतिष्ठा कम हो गई है पर अब ऐसा नहीं है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हर अति का अंत होना तय है। पाप का घड़ा भर जाएगा लबालब होकर छलकेगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा को कांग्रेस के हर काम से तकलीफ है। हमारी सरकार जितने भी काम कर रही है उससे भाजपा की जमीन सरक रही है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्यक्रम है। पहले खबर आती थी कि जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। अब ऐसी खबरें देखने को नहीं मिलती है। शिकायत नहीं मिलती है। मूलभूत सुविधाएं मौके पर ही पूरी हो जा रही हैं। जहां से शिकायत मिल रही है उसका भी तुरंत निदान किया जा रहे है। सारे कार्यक्रमों का लाभ जनता को मिल रहा है।



### खतरनाक हुआ चक्रवात, बांग्लादेश में सबसे बड़े शरणार्थी शिविर को खतरा, WMO ने दी यह चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'मोका' बंगाल की खाड़ी से अब बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा के पास पहुंच गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने बांग्लादेश में तेज हवाओं, बाढ़ और संभावित भूस्खलन की चेतावनी देते हुए कहा है कि मोका बहुत खतरनाक हो गया है। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि यह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर को प्रभावित कर सकता है। भारत के मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, चक्रवात मोका के रविवार (14 मई) दोपहर तक बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के पास लैंडफॉल करने की संभावना जताई गई है। फिलहाल इन इलाकों में 175 किलोमीटर प्रति घंटे (108 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मौसम कार्यालय ने निचले तटीय क्षेत्र में दो से ढाई मीटर (छह से आठ फीट) के बीच तूफान बढ़ने की भविष्यवाणी की है। यह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार का क्षेत्र है, जहां लाखों रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर हैं। हालांकि, 2017 में म्यांमार में सैन्य नेतृत्व की कार्रवाई के बाद उनमें से ज्यादातर वहां से भाग गए थे।

## आरक्षक बना डिप्टी कलेक्टर: छोटे भाई से मिली प्रेरणा, तीन बार हुए असफल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** 11 मई को राज्य प्रशासनिक सेवा 2021 का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें जिला पुलिस बल रायगढ़ में आरक्षक के पद पर कार्यरत महेंद्र कुमार सिदार का चयन डिप्टी कलेक्टर के पद में पर हुआ है। पुलिस कार्यालय में एसपी संजय महादेवा ने महेंद्र कुमार को उनकी बड़ी सफलता पर बधाई दी और मिठाई भी खिलाई। इस दौरान थाना प्रभार चक्रधरनगर पर्यवेक्षक प्रशांत राव आहेर और कार्यालयीन कर्मचारी मौजूद थे। जिले के ग्राम कांटाहरदी के कृषक मुरलीधर सीदार और गुरु बारी बाई साइडर के मंझले बेटे हैं। 12वीं के बाद इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड में पॉलीटेक्निक कर वर्ष 2013 में आरक्षक के पद पर जिले में नियुक्त हुए थे।

### चौथे प्रयास में सिदार हुए सफल

वर्ष 2018 में बीएससी स्नातक परीक्षा आयोजित की। जिसके बाद से वे राज्य जूनियर सेवा अधिकारी बनने की तैयारी में जुट गए। वे बताते हैं कि उनके छोटे भाई ने वर्ष 2014 में पीएससी परीक्षा पास की थी और वर्तमान में जिला कोण्डागांव में सहायक आयुक्त आबकारी के पद पर हैं। जो उनके प्रेरणा स्त्रोत और मार्गदर्शक रहे हैं। प्रेरणा लेकर सेल्फ स्टडी कर चौथे प्रयास में सफल हुए। पहले तीन प्रयासों में लगातार तीन प्रयास में प्रारंभिक परीक्षा तक नहीं पहुंच पाए। लेकिन अपनी तैयारियों में लगे रहे और वर्ष 2021 पीएससी परीक्षा में प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा पास कर ली। उन्हें उम्मीद थी कि उनका चयन इस बार अवश्य होगा और वे सभी 139 रैंक के साथ अपने वर्ग में 5वें स्थान पर आने में सफल रहे।

### पूरा पुलिस विभाग दे रहा बधाईयां

वहीं उनकी पत्नी पुष्पा सिदार सहायक ग्रेड-2 के पद पर अंबिकापुर में पदस्थ हैं। जो बेटे वल्लभ सिदार के साथ रहती हैं। बड़े भाई नागेश सिदार सारंग तहसील कार्यालय में पदस्थ हैं। विशिष्ट साइडर पुलिस आरक्षक की ट्रेनिंग के बाद थाना कोसीर, बरमकेला और अगस्त 2020 से डीएसबी रायगढ़ में कार्य कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर पूरे पुलिस परिवार में हर्ष है। अधिकारीगण और उनके मित्रों को बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

## प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दे दी जान पेड़ पर लटकती मिली दोनों की लाशें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह दोनों की लाशें पेड़ पर लटकी मिली। ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को उतरवाया ओर पीएम के लिए भेज दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार जिले के सूरेगांव थानाक्षेत्र के सिब्दि गांव में एक पेड़ में युवक युवती की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। शनिवार सुबह सिब्दि गांव के लोगों ने पेड़ में फांसी के फंदे पर युवक युवती की लाश फांसी के फंदे पर लटके देखा और इसकी जानकारी ग्रमीणों ने तत्काल सूरेगांव पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक युवक-युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस दोनों की शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

## महेन्द्र सिदार की सफलता

श्रीकंचनपथ




अधिकांश लोगों का सपना एक अदद सरकारी नौकरी का होता है। नौकरी मिलते ही वे अपने दायरे तय कर लेते हैं और उसके भीतर रहकर लाइफ एंज्वाय करने लगते हैं। पर कुछ लोगों के सपने बड़े होते हैं। वे निरंतर अपना श्रेष्ठ देने में यकीन करते हैं। ऐसे लोगों के लिए मंजिल भी एक पड़ाव की तरह होती है। जहां कुछ देर ठहरकर वे नई मंजिल निश्चित कर लेते हैं और फिर प्रयास में जुट जाते हैं। ऐसा ही किया किसान पुत्र महेन्द्र सिदार ने। रायगढ़ के कांटाहरदी गांव के किसान मुरलीधर सिदार के यहां उनका जन्म हुआ। पढ़ने में तो मेधावी थे ही, उन्हें जल्द से जल्द रोजगार प्राप्त करने की तलब भी थी। इसलिए उन्होंने इंजीनियरिंग की बजाय पालीटेक्नीक की राह पकड़ी और इलेक्ट्रानिक्स में डिप्लोमा प्राप्त कर लिया। 2013 में इसी के बिना पर उनकी पुलिस में नौकरी लग गई। आरक्षक के पद पर नौकरी लगने के बाद महेन्द्र ने बीएससी किया। पुलिस की बेहद थका देने वाली नौकरी में रहते हुए पढ़ाई जारी रखना एक बड़ी चुनौती होती है। पर महेन्द्र ने इस चुनौती को स्वीकार किया। जब सहकर्मियों और अधिकारियों ने उनकी जिजीविषा देखी तो उन्होंने भी यथासंभव सहयोग किया। महेन्द्र ने पढ़ाई करना जारी रखा। जब लोग मोबाइल गेम खेलकर, रील्स देखकर या गप्पें मारकर अपना समय नष्ट करते तब महेन्द्र पीएससी की तैयारी में जुटा होता। किसी कोचिंग में जाने की उन्हें फुर्सत नहीं थी। पर अपनी हर फुर्सत को काम पर लगाने की कला उन्हें खूब आती थी। छत्तीसगढ़ बोर्ड से पढ़ाई करने के कारण राज्य के बारे में उनकी जानकारी वैसे भी अच्छी थी। उन्होंने इसे ही मांजना शुरू किया। सावधानी से वैकल्पिक विषय चुना और उसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने की कोशिश करते रहे। उन्होंने सीजी-पीएससी की परीक्षा दिलाई और जब नतीजे घोषित हुए तो उनकी खुशी का अंदाजा लगा पाना मुश्किल था। पीएससी 2021 की परीक्षा में उन्होंने 14वां स्थान प्राप्त किया था। उनका चयन डिप्टी कलेक्टर पद के लिए हो गया। उनसे ज्यादा खुश उनके साथी पुलिस कर्मी और अधिकारी थे। पर आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। अपने साथ के लोगों का आगे बढ़ते देखकर ज्यादातर लोगों को कोफ्त ही होती है। यह सोचकर भी अधिकांश सहकर्मी निराश हो जाते हैं कि जो कल तक हमें सलाम करता था अब उसे सलाम करना पड़ेगा। पर हंसमुख, मिलनसार और अपने काम से काम रखने वाले महेन्द्र के साथ ऐसा नहीं था। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय भी अपने सहकर्मियों और अधिकारियों को ही दिया। दूसरों के हिस्से का श्रेय भी स्वयं लूटने वाले ही अकसर अकेले रह जाते हैं। अलग-थलग पड़ जाते हैं। न तो कोई उनकी खुशी में खुश होता है और न ही उनके दु:ख में सहभागी बन पाता है। महेन्द्र हर उस युवा के लिए एक नजीर बन गए हैं जो अपने जीवन के साथ कुछ करना चाहते हैं।



## संपादकीय

## नतीजों के इशारे

शुक्रवार का दिन परीक्षा परिणामों के नाम रहा। यूं तो देश में परीक्षाएं हमेशा चलती रहती हैं, लेकिन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं और परिणामों का सबको खास तौर पर इंतजार रहता है। सीबीएसई ने शुक्रवार को पहले 12वीं और फिर 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। प्रतिभाशाली बच्चों की कोई सूची चर्चा में नहीं है, तो इससे कुल मिलाकर एक राहत का एहसास है। पहले जब मेरिट लिस्ट जारी होती थी, तब फेल होने वालों का अलग हाहाकार महसूस होता था। अब अगर 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम मेरिट के आतंक से बाहर निकल आए हैं, तो यह शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक और मानवीय तरक्की का ही संकेत है। कुल मिलाकर, एक समझदारी का माहौल नजर आ रहा है। कोई भी परीक्षा अंतिम नहीं होती है, एक परीक्षा में शीर्ष पर आ जाने से कोई हमेशा के लिए सफल नहीं मान लिया जाता और न एक बार कम नंबर आने से कोई हमेशा के लिए पिछड़ जाता है। पहले के समय में 10वीं बोर्ड रिजल्ट का सर्वाधिक महत्व होता था, लेकिन अब 12वीं बोर्ड का भी खूब महत्व हो गया है। कक्षा 10वीं के परिणाम के अनुसार, 93.12 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं, जबकि कक्षा 12वीं में 87.33 प्रतिशत को कामयाबी हासिल हुई है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड के तहत देश भर में परीक्षा देने के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 21,84,117 थी, जबकि 21,65,805 ने ही परीक्षा दी और 20,16,779 विद्यार्थी पास हो गए हैं। एक बड़ा सवाल यह है कि 18,312 छात्र परीक्षा में क्यों नहीं बैठे? यह एक शैक्षणिक-सामाजिक समीक्षा का विषय है। परीक्षा से बचे या वंचित रहे छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है। भारत में बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं, लेकिन जब परीक्षा परिणामों की चर्चा होती है, तब इन छात्रों को हम भूल जाते हैं। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिकतम छात्र परीक्षा में बैठें और उत्तीर्ण हों। भारत जैसे देश में तमाम राज्य सरकारों के भी शिक्षा बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगभग सारे योग्य विद्यार्थी कम से कम 10वीं तो पास करें। गौर करने का विषय है कि इस बार पास होने वालों का प्रतिशत घटा है। 12वीं की बात करें, तो इस वर्ष कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87.33 है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.38 प्रतिशत कम है। साल 2022 में कुल पास प्रतिशत 92.71 था। इस वर्ष 10वीं कक्षा में पास होने वालों की संख्या भी 1.28 प्रतिशत कम है। आखिर ऐसा क्यों हुआ है? हमें नहीं भूलना चाहिए कि यह कोरोना महामारी के बाद हुई पहली सामान्य पूर्ण परीक्षा थी। लगभग दो साल बाद स्कूल लौटे छात्रों का प्रदर्शन कमतर होने की आशंका पहले से ही थी। हालांकि, इस मोर्चे पर शिक्षकों को भी अपने प्रदर्शन पर जरूर गौर करना चाहिए। इस बार शिक्षा में क्षेत्रीय असमानता भी इतनी ज्यादा दिख रही है कि चिंता स्वाभाविक है। मिसाल के लिए, दक्षिण भारत में राज्यों में छात्रों का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। 12वीं बोर्ड में उच्चतम प्रदर्शन त्रिवेंद्रम क्षेत्र ने किया है, जहां 99.91 विद्यार्थी सफल रहे हैं। बेंगलुरु में 98.64 प्रतिशत, चेन्नई में 97.40 प्रतिशत, जबकि प्रयागराज 78.05 प्रतिशत के साथ सबसे नीचे दिख रहा है। उत्तर भारतीय राज्यों के स्कूलों के लिए संकेत स्पष्ट हैं। हमेशा की तरह इस बार भी 10वीं और 12वीं, दोनों में ही लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। खैर, अब महामारी का दौर गया, तय है, अगले साल परिणाम बहुत बेहतर आएंगे।

> “ परीक्षा से बचे या वंचित रहे छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है। भारत में बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं, लेकिन जब परीक्षा परिणामों की चर्चा होती है, तब इन छात्रों को हम भूल जाते हैं। स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अधिकतम छात्र परीक्षा में बैठें और उत्तीर्ण हों।

## मुद्दा रुपये की ताकत का

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने गोवा आए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रुपया-रुबल में कारोबार के बारे में जो टिप्पणी की, उससे भारतीय बौद्धिक वर्ग का एक बड़ा हिस्सा आहत है। लावरोव ने यह टिप्पणी विदेशी मीडिया में आई एक खबर के बारे में पूछे जाने पर की। खबर यह है कि रूस ने भारतीय आयात का रुपये में भुगतान को लेकर चल रही बातचीत रोक दी है। इस बारे में सवाल पर लावरोव ने कहा कि भारतीय बैंकों में पहले ही रूस का काफी रुपया जमा हो चुका है। उसका कोई उपयोग उसे नहीं सूझ रहा है। इसलिए यह समस्या वास्तविक है। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। इस कथन से भारतवासियों की आहत हुई राष्ट्रीय भावना के सवाल को एक अगर थोड़ी देर के लिए भूल जाएं, तो यह प्रश्न उठेगा कि लावरोव ने जो कहा क्या वह बात सिरे से निराधार है? इस सिलसिले में इस बात का अवश्य उल्लेख होना चाहिए कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत सरकार ने रुपये को वैश्विक रिजर्व करेंसी बनाने की महत्त्वाकांक्षा में अपनी ताकत झोंक रखी है।

अनेक देशों के साथ रुपये में भुगतान के लिए करार हुआ है और उसका सिस्टम भी बन गया है। लेकिन असल में भुगतान हो नहीं रहा है। कारण बहुत स्पष्ट है। रुपया सिर्फ उन देशों को स्वीकार्य हो सकता है, जिनका भारत से आयात ज्यादा निर्यात कम है। जो देश भारत को अधिक निर्यात करते हैं, उनके सामने एक सीमित मात्रा के बाद रुपये की उपयोगिता का प्रश्न उठ खड़ा होगा। जिस देश का कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार में हिस्सा सिर्फ दो प्रतिशत हो और अधिकांश देशों के साथ कारोबार घाटे में हो, उसके अपनी मुद्रा को ग्लोबल रिजर्व करेंसी बनाना बहुत बड़ी चुनौती है। इसलिए भारतवासियों को लावरोव की टिप्पणी से आहत होने के बजाय इस बात पर चर्चा करनी चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था कैसे इतनी मजबूत बने, जिससे रुपये के प्रति दुनिया का सहज आकर्षण बन जाए। अपनी शक्ति से ज्यादा महत्त्वाकांक्षा जोखिमभरी होती है।

## विपक्षी मोर्चा के संयोजक होंगे नीतीश!

अगर देश भर की विपक्षी पार्टियों का मोर्चा बनता है, जिसकी कोशिश बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं और उनके साथ साथ कुछ और नेता इस आइडिया को आगे बढ़ा रहे हैं तो उसकी कमान किसके हाथ में रहेगी? विपक्षी पार्टियां अभी इस बारे में बात नहीं कर रही हैं। उनका कहना है कि एक बार गठबंधन बन जाए तो यह भी तय कर लेंगे कि उसका नेता कौन होगा। सबको पता है कि विपक्ष का नेता कौन होगा यह तय करना आसान नहीं है। लेकिन विपक्षी गठबंधन का संयोजक या समन्वयक तय करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

बिहार के जनता दल यू और राजद नेताओं का कहना है कि गठबंधन का नेता चुनने का मतलब यह है कि अगर लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन जीते तो प्रधानमंत्री कौन होगा पर संयोजक या समन्वयक का मतलब है कि चुनाव तक सभी पार्टियों को साथ लाने और उनके बीच सीटों का तालमेल कराने वाला व्यक्ति। जरूरी नहीं है कि वह व्यक्ति गठबंधन का नेता या प्रधानमंत्री पद का दावेदार हो। नीतीश कुमार वह व्यक्ति हो सकते हैं। ध्यान रहे पहले जब भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बना था तब लंबे समय तक किसी न किसी प्रादेशिक पार्टी का नेता ही उसका संयोजक होता था। जॉर्ज फर्नांडीस से लेकर चंद्रबाबू नायडू और शरद यादव तक संयोजक रहे लेकिन इनमें से कोई न कोई प्रधानमंत्री का दावेदार था और न प्रधानमंत्री बना।

सवाल है कि क्या नीतीश कुमार उसी तरह की भूमिका अपने लिए चाहते हैं? बताया जा रहा है कि नीतीश अभी अनौपचारिक रूप से और विशुद्ध रूप से अपनी पहल पर विपक्षी पार्टियों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं।

> “ पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भी कांग्रेस को इस बात के लिए सजग कर दिया कि वह राजस्थान में अकारण किसी तरह का जोखिम मोल न ले। खासकर यह देखते हुए कि अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पंजाब में कांग्रेस किसी स्तर पर कमजोर हो रही थी। अमरेंद्र जहां विधायकों पर अपनी पकड़ खो रहे थे वहीं राजस्थान में ठीक विपरीत अशोक गहलोत ने अपने किले को पूरी तरह मजबूत किया।

# सियासत की धुरी बनने की कोशिश में सचिन

वेद विलास उनियाल



राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने एक बयान देकर राज्य की सियासत में तब हलचल मचाई जब कर्नाटक के चुनाव को लेकर खासा घमासान मचा था। राजनीति के मंजे खिलाड़ी और जादूगर कहे जाने वाले अशोक गहलोत ने अपने बयान का समय सोच-समझकर तय किया या फिर इसके भी कुछ निहितार्थ हैं इस पर खासी अटकलें हैं। लेकिन उनकी इस सलाह पर कई निशाने सधे हैं कि 2020 में पार्टी से बगावत करने वाले विधायकों को बीजेपी से लिया पैसा वापस कर देना चाहिए। एक पुराने घटनाक्रम को फिर चर्चा के केंद्र में लाकर उन्होंने कांग्रेस नेता सचिन पायलट के हमलों की धार कुंद करने की कोशिश की है। वह यहीं तक नहीं रुके उन्होंने साथ ही उस समय सरकार बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा को संकटमोचक बताकर बीजेपी में भी आपसी द्वंद्व के लिए अखाड़ा तैयार कर दिया है।

राजस्थान का हाल का सियासी घटनाक्रम भी कई दिलचस्प मोड़ से होकर गुजरा है। निःसंदेह राज्य विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को जीत हासिल दिलाने में सचिन पायलट की खासी भूमिका रही है। पायलट ने ही राजस्थान के ओर-छोर को मथ कर राज्य में कांग्रेस के लिए आधार खड़ा किया था। लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने अशोक गहलोत को राज्य का नेतृत्व सौंपा था। सचिन पायलट राज्य के उपमुख्यमंत्री बने। बहुत जल्दी ही पायलट ने इस बात को भांप लिया था कि अशोक गहलोत सत्ता के प्रभाव और वर्चस्व में किसी तरह की हिस्सेदारी करने के लिए तैयार नहीं हैं। राजस्थान की सियासत में एक दौर यह भी आया कि जब लगने लगा कि पायलट कांग्रेस से अलग हो सकते हैं। राजस्थान की सियासत में तब किसी तरह बड़ा उलटफेर होता उससे पहले हाईकमान ने सचिन को पार्टी से बाहर जाने से रोका।

हालांकि इससे पहले बगावती तेवर दिखाने वाले सचिन पायलट को राज्य पार्टी अध्यक्ष और डिप्टी सीएम के पद से हटाने पर पार्टी प्रवक्ता का कहना था कि कांग्रेस ने सचिन पायलट को सब कुछ दिया। वह पार्टी में रहते हुए 26 साल की उम्र में सांसद, 32 साल की उम्र में केंद्रीय मंत्री, 34 साल की उम्र में प्रदेश अध्यक्ष और 40 साल की उम्र में उपमुख्यमंत्री बने हैं। लेकिन पार्टी में उनकी महत्वाकांक्षा ज्यादा बढ़ गई है। इसके जवाब में सचिन पायलट ने कहा था कि उन्होंने पार्टी को जीत हासिल दिलाने में पांच साल अथक मेहनत की। इसके बाद जब पार्टी को सत्ता हासिल हुई तो उन्होंने अपना हक जताकर कोई गलत नहीं किया। हालांकि उस समय कांग्रेस हाईकमान ने कई मुलाकात और बातचीत के दौर के बाद सचिन पायलट को आश्वस्त किया था कि देर-सवेर पार्टी आलाकमान उनके पक्ष में कोई फैसला लेगा।

लेकिन कांग्रेस बदली परिस्थितियों में राजस्थान में बदलाव का कोई कदम उठाने से हिचकती रही। वहीं राजस्थान में अशोक गहलोत ने सत्ता ही नहीं संगठन पर भी अपनी पकड़ बनाकर रखी। बदले ढर्रे में कांग्रेस हाईकमान भी बड़े क्षत्रपों को बहुत संकेत देने की स्थिति में नहीं है। खासकर कांग्रेस में जब अशोक गहलोत को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने के लिए कवायद हुई थी उस समय के घटनाक्रमों ने साबित करा दिया था कि अशोक गहलोत राजस्थान में किस तरह अपना वर्चस्व रखते हैं। कांग्रेस आलाकमान के लिए भी साफ संकेत था कि राजस्थान में अशोक गहलोत की सत्ता को आसानी से छेड़ा नहीं जा सकता। इसका असर यही हुआ कि गहलोत की सत्ता चलती रही और सचिन पायलट अवसर की प्रतीक्षा करते रहे। सचिन पायलट के लिए बगावती तेवर का नुकसान यह भी हुआ कि उनके हाथ से अध्यक्ष पद भी गया और डिप्टी सीएम का पद भी उन्हें खोना पड़ा। उनका बीस विधायकों को लेकर दिल्ली में डेरा डालना भी काम नहीं आया।

पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजों ने भी कांग्रेस को इस बात के लिए सजग कर दिया कि वह राजस्थान में अकारण किसी तरह का जोखिम मोल न ले। खासकर यह देखते हुए कि अमरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पंजाब में कांग्रेस किसी स्तर पर कमजोर हो रही थी। अमरेंद्र जहां विधायकों पर अपनी पकड़ खो रहे थे वहीं राजस्थान में ठीक विपरीत अशोक गहलोत ने अपने किले को पूरी तरह मजबूत किया। कांग्रेस आलाकमान इस स्थिति को समझता था कि राजस्थान में सत्ता बदलाव का फैसला पार्टी को मुश्किल में ला सकता है। इसलिए अशोक गहलोत की सत्ता बरकरार रही।

अशोक गहलोत ने सत्ता और संगठन दोनों स्तर पर सचिन पायलट को उभरने के लिए कोई अवसर नहीं दिया। ऐसे में राजस्थान के चुनाव आने से पहले सचिन पायलट के लिए अपनी भूमिका को तलाशना जरूरी हो गया है। यह निश्चित है कि चुनाव के समय भी चुनाव का संचालन और टिकटों के वितरण में गहलोत की भूमिका ही प्रभावी रहेगी। ऐसे में सचिन पायलट के लिए अब वो समय आया है जब उन्हें कोई न कोई फैसला लेना ही होगा। ऐसे में उन्होंने सबसे पहले जनमानस की थाह लेने और इलाकों को मथने का निर्णय लिया है। गौर करने लायक बात यह भी है कि अशोक गहलोत ने अपना बयान भी उस धौलपुर में दिया है जो पूर्वी राजस्थान का इलाका है। यहीं अलवर, टोंक, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा जैसे इलाके आते हैं। यही सचिन पायलट का प्रभाव क्षेत्र माना जाता है। सचिन पायलट अजमेर से जयपुर की पदयात्रा निकाल रहे हैं। इसे राजस्थान की सियासत में आरपार की लड़ाई के तौर पर भी देखा जा रहा है।

वैसे सचिन पायलट ने इससे पहले भी सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन किया है। हाल में उन्होंने इस बात पर एक दिन का अनशन किया था कि राज्य सरकार वसुंधरा राजे के समय के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। दरअसल सचिन पायलट वसुंधरा राजे को घेरने से ज्यादा अशोक गहलोत को निशाने पर ले रहे थे। अशोक गहलोत ने राज्य विधानसभा चुनाव के समय इस बात को उठाया था कि सत्ता में आने के बाद वह वसुंधरा सरकार के कथित भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करेंगे। इसके साथ ही उनकी आगामी जनसंघर्ष पदयात्रा को लेकर पोस्टर दीवारों में नजर आए हैं। इन पोस्टरों में कहीं भी कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं है। इसमें कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी या प्रियंका गांधी की तस्वीर नहीं है। इन पोस्टरों में भावभंगिमा में सचिन पायलट की आक्रोश वाली मुद्रा झलकती है और वह मुट्ठी बांधे नजर आते हैं। सियासत में इन संकेतों को समझा जा सकता है।

दरअसल, सचिन पायलट को अहसास है कि इस बार के उनके बगावती तेवर उनके पार्टी से निष्कासन का कारण भी बन सकते हैं। लेकिन जिस तरह सचिन के कदम उठ रहे हैं उससे उनकी तैयारियों का भी अहसास होता है। अपने बयानों में फिलहाल वह बीजेपी से भी दूरी बरत रहे हैं। खासकर जनसंघर्ष पदयात्रा की थीम को उन्होंने वसुंधरा सरकार के समय के कथित भ्रष्टाचार की जांच से जोड़ा है। लेकिन इसमें महीन बुनाई-कताई यह है कि आखिर वह संकेत यही देना चाहते हैं कि सीएम गहलोत ने सत्ता में आने के बाद वसुंधरा सरकार के कथित भ्रष्टाचार पर चुप्पी साध ली। सचिन पायलट को इससे पहले इस बात पर असमंजस रहा कि उनके साथ कितने विश्वस्त विधायक खड़े हो सकते हैं। हाल में उनके एक दिन के अनशन में अकेले बैठने की भी वजह यही थी।

# जब भी जरूरत पड़ेगी अदालत जाना पड़ेगा

बी आर आंबेडकर, संविधान सभा सदस्य



मेरे मित्र टी टी कृष्णमाचारी ने मसौदा समिति पर यह व्यंग्य कसा है कि बजाय एक विधान निर्माण करने के, उसने संभवत: अपने कतिपय सदस्यों की हितपूर्ति के लिए एक ऐसी चीज तैयार कर दी है, जो वकीलों के लिए एक कल्पवृक्ष है। मैं यह कहने के लिए तो नहीं तैयार हूं कि इस विधान से ऐसे सवाल खड़े ही न होंगे, जिन पर विधि संबंधी निर्वाचन की या न्यायालय द्वारा फैसले की जरूरत न हो। मैं श्री कृष्णमाचारी से पूछता हूं कि क्या वह विश्व का एक भी ऐसा विधान दिखा सकते हैं, जो वकीलों के लिए कल्पवृक्ष न हो?... अगर इस विधान को भाष्यार्थ सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष ले जाना पड़े, तो इसके लिए मैं रंचमात्र भी लज्जित नहीं हूं। हर विधान और मसौदा समिति के साथ यही बात होती है।

...अब मैं निवास संबंधी प्रश्न को लेता हूं। यह तो एक बहुत ही सीधी बात है और मेरी समझ में नहीं आता कि मित्र श्री कृष्णमाचारी जैसा सुबोध और चतुर व्यक्ति इस संशोधन के मूल उद्देश्य को क्यों न समझ सका? ...अत: इस संशोधन के उद्देश्य को मैं स्पष्ट किए देता हूं। यहां कई सदस्यों की यह भावना है कि जब हमने संपूर्ण देश के लिए एक सी नागरिकता स्थापित की है और प्रांतों या रियासतों के अधिकार क्षेत्र को लेकर कोई भेदभाव नहीं बरता है, तो इसके साथ यह भी होना चाहिए कि भारतीय संघ के किसी भी राज्य में कोई पद धारण करने के लिए निवास संबंधी कोई प्रतिबंध न लागू किया जाए; क्योंकि जिस मात्रा तक आप निवास संबंधी प्रतिबंध लागू करेंगे, उसी मात्रा में एकरूपी नागरिकता का महत्व कम हो जाएगा, जिसे विधान द्वारा हमने समस्त देश के लिए स्थापित किया है, या करना चाहते हैं... हमें यह भी समझना चाहिए कि ऐसे लोग, जो एक प्रांत से दूसरे प्रांत में, एक राज्य से दूसरे राज्य में उड़ती चिड़िया की तरह सदा चक्कर काटा करते हैं, जिनका न उस प्रांत से कोई खास संबंध है, न वहां कोई जरिया है, उनको हम यह अनुमति नहीं दे सकते कि वह वहां आएं, पद के लिए आवेदन करें और फिर अपना काम बनाकर वहां से चलते बनें। इसलिए निवास-संबंधी कुछ न कुछ प्रतिबंध तो रखना ही होगा।


...अब मैं उस प्रश्न की ओर आता हूं, जिसको लेकर यहां सदस्यों में बहुत हलचल है, अर्थात अनुच्छेद 10 (3) में प्रयुक्त बैकवार्ड शब्द को लेता हूं। ...इस संबंध में तीन दृष्टिकोण मौजूद हैं और इन तीनों को ही संतुष्ट करना होगा...। अनुच्छेद 10 (3) में जो नुस्खा रखा गया है, उससे और अच्छा कोई रास्ता निकाला ही नहीं जा सकता था। वह देखेंगे कि अनुच्छेद 10 के खंड (1) में उन लोगों के विचार को स्थान दिया गया है, जिनका अवसर-समता के सिद्धांत में प्रबल विश्वास है। ...इस नुस्खे को कतिपय संप्रदायों की इस मांग के साथ भी हमें बैठाना था कि शासन का नियंत्रण अब तक ऐतिहासिक कारणों से एक संप्रदाय या चंद संप्रदाय के ही लोग करते आ रहे थे और अब इस स्थिति का अंत होना चाहिए और दूसरों को भी सरकारी नौकरियों में स्थान-प्रवेश पाने का अवसर मिलना चाहिए। ...मैं उदाहरण देकर समझाऊंगा। मान लीजिए, एक संप्रदाय या कई संप्रदायों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई, 70 प्रतिशत जगह उनके लिए सुरक्षित रख दी गई। अब बच जाती है 30 प्रतिशत जगहें, जो शेष लोगों के लिए होंगी। क्या कोई व्यक्ति यह मंजूर करेगा कि 30 प्रतिशत जगहें खुली प्रतियोगिता के लिए रखना अवसर-समता के सिद्धांत को अमली रूप देने के ख्याल से ठीक है? मेरी राय में तो यह ठीक नहीं होगा। इसलिए अगर आपको जगहें आरक्षित रखनी हैं..., तो इसे कम जगहों तक ही सीमित रखिए। ऐसा होने पर ही अवसर-समता के सिद्धांत को विधान में वास्तविक स्थान मिल सकेगा और वह व्यवहार में आ सकेगा।

...आखिर बैकवार्ड संप्रदाय कौन है? ...हमने इसके निर्णय का भार प्रत्येक स्थानीय शासन पर छोड़ दिया है। जो संप्रदाय हुकूमत की नजर में पिछड़ा हुआ है, वह बैकवार्ड संप्रदाय माना जाएगा। मेरे माननीय मित्र टी टी कृष्णमाचारी ने पूछा है कि क्या इस नियम को अमल में लाने के लिए न्यायालय में अपील की जा सकती है, इस संबंध में अधिकृत रूप से उत्तर देना जरा कठिन है। मेरा व्यक्तिगत मत है कि इसको अमल में लाने के लिए न्यायालय में अपील की जा सकती है। ...तब न्यायालय यह निर्णय करेगा कि स्थानीय शासन या राज्य शासन ने समुचित रूप से विवेक से कार्य किया है या नहीं।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण से )**

# यह विधान वकीलों का कल्पवृक्ष बन जाएगा

टी टी कृष्णमाचारी, संविधान सभा सदस्य



अभी हाल में एक समाचारपत्र में अपने संविधान के संबंध में सिलोन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रसिद्ध विधान पंडित प्रोफेसर आइवर जेनिंग्स की टिप्पणी मैं पढ़ रहा था। मूलाधिकार संबंधी अध्याय की आलोचना करते हुए आपने इसे वकीलों का कल्पवृक्ष बतलाया। इनकी रचना ऐसी है कि इनके अर्थों में काफी खींचातानी की जा सकती है और इस दृष्टि से अनुच्छेद 10 सर्वोपरि है। मेरा मत यही है कि अगर मूलाधिकार संबंधी अध्याय में इस अनुच्छेद को न रखा गया होता, तो अच्छा था।

अब मैं इसके खंड 1 को ही लेता हूं। इसके अनुसार, राज्याधीन सभी नौकरियों में सभी नागरिकों को अवसर-समता प्राप्त रहेगी। मैं पूछता हूं किस श्रेणी के नागरिकों को? शिक्षितों को? अशिक्षितों को? आखिर किसको? क्या एक अशिक्षित नागरिक सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस आशय का अभियोग पेश कर सकता है कि उसे अवसर-साम्य नहीं दिया गया है? ...अब मैं इस अनुच्छेद के खंड 2 पर आता हूं। ...अगर निवास के आधार पर कोई भेदभाव बरता जाएगा, जिसकी संभावना हो सकती है, तो इसे यहां रखकर और 2(क) से निकालकर आप इस मसले को नहीं हल कर सकते हैं। ...मैं सभा को यह सुझाव दे रहा हूं कि हमलोग इस मसले पर तटस्थ रह सकते हैं। ...हमें यह देखना चाहिए कि आखिर पार्लियामेंट क्या करेगी? क्या वह ऐसा कोई व्यापक कानून बनाएगी, जिससे सभी राज्यों के सभी स्थानीय निकायों की, सभी ग्राम पंचायतों की... तथा सभी विश्वविद्यालयों की सारी आवश्यकताएं पूरी हो जाती हों? अथवा हर मौके पर जब भी कोई विशेष स्थानीय निकाय या विश्वविद्यालय या ग्राम-पंचायत कोई खास छूट मांगेगी, तो पार्लियामेंट एक नया कानून बनाएगी? आखिर क्या बात सोची गई है, इसका कुछ भी पता नहीं चलता है। इस प्रयोजन के लिए क्या पद्धति बरती जाएगी, इसका भी हमें कुछ ज्ञान नहीं है। इस खूबी से सभी बातें इसमें गोल-मोल रखी गई हैं कि हम यह भी नहीं जानते कि ऐसा व्यापक कानून बनाने के लिए पार्लियामेंट में प्रस्ताव रखा भी जा सकेगा या नहीं? और आखिर इसका प्रस्ताव पार्लियामेंट में आया भी, तो वह किस प्रकार का कानून बनाएगी?...जिस रूप में विधान हमारे सामने आया है, उसके अनुसार तो हम सभी बातों को पार्लियामेंट, विधान मंडल, सर्वोच्च न्यायालय तथा उन वकीलों पर छोड़ रहे हैं, जो इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे। आखिर कोई प्रदेश तो ऐसा होना चाहिए, जिसके निवासियों के सद्विवेक पर हम इसे छोड़ सकें?

...क्या मैं आपसे यह पूछ सकता हूं कि आखिर पिछड़ा हुआ नागरिक वर्ग कौन है? ...उन्नत एवं अनुन्नत का निर्णय आप शिक्षा के ही आधार पर कर सकते हैं और अगर शिक्षा के आधार पर इसका निर्णय करते हैं, तो हमारे 80 प्रतिशत देशवासी पिछड़े हुए नागरिक माने जाएंगे। आखिर इस बारे में अंतिम निर्णय कौन देगा? शायद सर्वोच्च न्यायालय देगा। न्यायालय को इस बात का पता लगाना होगा कि पिछड़े हुए वर्ग में किसे शामिल किया जाए, इसके बारे में विधान निर्माताओं का क्या अभिप्राय था? यहां जाति शब्द नहीं रखा गया है, बल्कि रखा गया है क्लास (वर्ग) शब्द। वर्ग पिछड़ा हुआ है या नहीं, इसका निर्णय आप किस आधार पर करेंगे? आर्थिक अवस्थिति के आधार पर या शिक्षा के आधार पर या जन्म के आधार पर, आखिर किस आधार पर आप यह निर्णय करेंगे? ...मैं कहता हूं, इससे वकीलों की बन आएगी। यह खंड उनके लिए कल्पवृक्ष बन जाएगा। मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं मसौदा समिति के वकील सदस्यों ने अपने भाई-बंधुओं के व्यापार को चमकाने के लिए और अपने संप्रदाय या वर्ग को अवसर देने की चेष्टा में तो ऐसा विधान नहीं रचा है, जो छिद्रों से परिपूर्ण है।

...कुछ मित्रों को यह भय है कि बैकवार्ड शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थ लगाए जा सकते हैं। ...इसमें मुझे रंचमात्र भी संदेह नहीं है कि अंततोगत्वा इसका अर्थ सर्वोच्च न्यायालय ही स्थिर करेगा, चाहे वह जाति के आधार पर इसके संबंध में निर्णय करे या संप्रदाय के आधार पर या धर्म के आधार पर या शिक्षा के आधार पर अथवा आर्थिक स्थिति के आधार पर। अत: इस शब्द विशेष को रखने पर मैं मसौदा समिति की तारीफ नहीं कर सकता। उसके दिमाग में इस शब्द के संबंध में जो भी ख्याल रहा हो, पर मैं तो यही समझता हूं कि इस खंड से बड़ी ही मुकदमेबाजी होगी।

**( संविधान सभा में दिए गए भाषण से )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









## खास खबर

### शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में राजीव युवा मितान क्लब की भूमिका अहम - कलेक्टर

**कोरबा।** राजीव युवा मितान क्लब कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजनांतर्गत रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क एवं अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क योजना विषय पर बालको में एक दिवसीय परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि शासन द्वारा प्रदेश के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई गई हैं। इन योजनाओं का लाभ आमजन उठा सकें इसके लिए राजीव युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। शासन की योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं। शासन की योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कलेक्टर झा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार इंडस्ट्रीयल एरिया की तरह गांव एवं शहरों में छोटे-छोटे इंडस्ट्रीयल एरिया विकसित किए जाएं जहां पर युवा उद्यमी उद्योगों के माध्यम से विकास कर सकें। इसके लिए शासन के द्वारा बिजली, सड़क, पानी, जमीन, शेड आदि अधोसंरचनाएं की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि रीपा अंतर्गत 10 गांव में रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क संचालित हो रहे हैं। जहां पर विभिन्न औद्योगिक गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इसी के आधार पर शहरों में अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क भी संचालित कर लोगों को फायदा पहुंचाये जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योगों के विकास में स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिल सके। कलेक्टर ने इस संबंध में जानकारी हेतु सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त तथा राजस्व अधिकारियों से भी संपर्क करने की अपील की।

### 204 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

# कर्जमाफी की राशि का निवेश बच्चों की पढ़ाई में किया किसान ने, तीनों बेटों को मिल गई सरकारी नौकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री जी, आपने जो किसानों के लिए कर्जमाफी की, उससे खेती किसानी में सुखद बदलाव तो आये ही, किसानों के पास अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और अन्य जरूरतों के लिए भी पैसे आये। मेरा दो लाख ग्यारह हजार रुपए का कर्जमाफ हुआ। इससे मैंने अपने बच्चों को खूब पढ़ाया। मेरे तीन बच्चे हैं। मेरे तीनों बच्चे शासकीय सेवा में हैं। यह बात ग्राम बाढ़ी के भगवान सिंह ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से कही। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणजनों से चर्चा करने बेलतरा पहुंचे थे।



मुख्यमंत्री ने इस दौरान बेलतरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की। ग्राम पंचायत अकलतरी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा आरंभ करने और बरतोरी में रीपा सेंटर आरंभ करने सहित अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। इस दौरान उन्होंने राशि का 204 करोड़ 23 लाख रुपए की राशि के लागत से होने वाले 53 कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया। इसमें 22 करोड़ 73 लाख रुपए का लोकार्पण तथा 181 करोड़ 49 लाख रुपए की राशि का भूमिपूजन कार्य शामिल है।

कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव एवं विधायक तखतपुर श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष श्री बैजनाथ चंद्राकर, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान एवं अन्य प्रतिनिधिगण सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

पत्नी के लिए पायल लिया, कार्ड स्वाइप कर किया पेमेंट- सरकार के निर्णयों से किसानों को फसल का उचित मूल्य मिल रहा है। इंद्र कुमार साहू ने बताया कि मेरे खाते में पर्याप्त पैसा है। अभी मैंने अपनी पत्नी के लिए 40 तोले का पायल लिया है। इसका पेमेंट कार्ड से स्वाइप कर किया है। किसान न केवल खेती में आधुनिक प्रौद्योगिकी अपना रहे हैं अपितु डिजिटल मीडियम से जुड़कर भी आधुनिक समय के साथ कदमताल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस पर खुशी जताई। राजकुमार ढीमर ने बताया कि दस एकड़ जमीन है। एक लाख 10 हजार रुपए की कर्जमाफी हुई है। इस राशि से घर के लिए बोर कराया है और गाड़ी भी ली है। किसान लक्ष्मीकांत ने बताया कि उनके पास तीन एकड़ खेत हैं। सरकार की ऋणमाफी योजना का लाभ उन्हें मिला है।

माउथ कैंसर का कराया इलाज- विजय शर्मा ने बताया कि उन्हें माउथ का कैंसर था। मेरा इलाज शासन की ओर से हुआ। मेरा इलाज अपोलो हास्पिटल में हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना से 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता मिलती है। गंभीर बीमारियों में 20 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य सहायता देने के लिए भी योजना बनाई गई है। साधराम यादव ने बताया कि हाट बाजार क्लिनिक योजना से उनका नि:शुल्क इलाज हो रहा है। हाट बाजार में मोबाइल गाड़ी आ जाने से ग्रामीणों के लिए बहुत सुविधा हुई है। राधिका धनवार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से उनका बच्चे का वजन काफी सुधरा है। उन्होंने इस अभियान के लिए एक सुंदर गीत तैयार किया था जिसे मुख्यमंत्री को उन्होंने सुनाया।

कराटे में एडवांस तैयारी के लिए सवा चार लाख रुपए दिये- मोहित राम कौशिक ने बताया कि वे कराटे में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल चुके हैं। घर की स्थिति अच्छी नहीं है। घर चलाने में काफी दिक्कत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके खेल को प्रोत्साहित करने एवं आगे बढ़ाने चार लाख 25 हजार रुपए दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों से भी बातचीत की। प्रियांशु अग्रवाल ने बताया कि उनका बारहवीं में 92 प्रतिशत आया है। स्कूल में अच्छी पढ़ाई होती है। मुख्यमंत्री ने प्रियांशु को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के प्रतिभागियों से भी बातचीत की। प्रतिभा मरकाम ने बताया कि वे संभाग स्तर तक पहुंची थीं। उन्हें इन खेलों में बहुत आनंद आया।

मुख्यमंत्री की घोषणाएं- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत बेलतरा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ करने, बेलतरा व भादी में मंगल भवन बनाने तथा ग्राम पंचायत अकलतरी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने, ग्राम पंचायत सेलर और लिंगियाडीह के शासकीय हाईस्कूलों का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत खैरा डगनिया में उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए नवीन भवन का निर्माण करने, खूंटाघाट से मस्तूरी नहर के किनारे सड़क सुधार कार्य करने, नवीन प्राथमिक शाला सलखा के लिए भवन निर्माण करने, बांका में स्कूल अहाता और अतिरिक्त कक्ष बनाने, गिधौरी में उचित मूल्य दुकान खोले जाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत बरतोरी में रीपा आरंभ करने, ग्राम पंचायत अकलतरी में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने, लखराम में पशु डिस्पोजल सेंटर आरंभ करने, हाई स्कूल मोपका का उन्नयन हायर सेकेंडरी स्कूल में करने और खुंटाघाट के समीप ग्राम पंचायत जाली में लिफ्ट इरीगेशन एवं मोपका स्कूल के उन्नयन की घोषणा भी की।

# मुख्यमंत्री ने बेलतरा में महाविद्यालय और स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बेलतरा में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात बेलतरा में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात बेलतरा में विभिन्न समाज के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकातविभिन्न समाजों के भवनों के निर्माण के लिए दी राशि की मंजूरी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान बेलतरा में विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात के दौरान सरपंच और ग्रामीणों की मांग पर बेलतरा में महाविद्यालय और स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि समाज के हर वर्ग को स्थानीय स्तर पर बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो और वे सक्षम तथा आत्मनिर्भर बनें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात एवं शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत देखने के बाद सामाजिक प्रतिनिधियों से सामाजिक सरोकार के कामों एवं समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कई समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर सामाजिक भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किए जाने के साथ ही उनकी समस्याओं के निदान के लिए निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने समाज को न्यूनतम दर पर शासकीय जमीन आबंटित करने के लिए नीति बनाई है। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान केंवट समाज के प्रतिनिधि मंडल की मांग पर चाटीडीह में भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, ढिमर समाज को बिलासपुर में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, मुस्लिम समाज के सामाजिक भवन विस्तार के लिए 25 लाख रूपए, मानिकपुरी समाज को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, शिकारी समाज की मांग पर रतनपुर में सामाजिक भवन के लिए 25 लाख रूपए, जायसवाल समाज को बेलतरा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रूपए, गुप्ता समाज को लखराम गांव में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए, सेंदरी गंधर्व महिला समाज को सिंदरी में मंगल भवन के लिए 10 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने ठाकुर समाज के साहित्य परिषद के विकास के लिए प्रतिनिधि मंडल की मांग पर स्वेच्छानुदान मद से 5 लाख रूपए, बेलतरा निवासी मानिकपुरी समाज के 22 वर्षीय विवेक मानिकपुरी को कमर के इलाज के लिए 2 लाख रूपए की मंजूरी प्रदान की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान केंवट समाज के प्रतिनिधि मंडल को समाज के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री करने की बात कही। अघरिया समाज के प्रतिनिधि मंडल को समाज के नाम से जमीन लेने के लिए विधिवत आवेदन करने कहा। इसी प्रकार राजपूत क्षत्रिय समाज, रजत समाज, कनौजिया सूर्यवंशी समाज, अघरिया समाज, पटेल समाज, भोसले समाज के प्रतिनिधि मंडल को समाज के नाम पर जमीन लेकर उसकी रजिस्ट्री कराने के बाद विधिवत सामाजिक भवन निर्माण के लिए राशि देने की बात कही।

### मुख्यमंत्री ने बेलतरा में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को समाग्री का वितरण किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भेंट-मुलाकात के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के तहत हितग्राहियों को समाग्री वितरण किया। उन्होंने 5 हितग्राहियों को नेपसेक स्पेयर, 5 हितग्राहियों को कृषि यांत्रिकीकरण मशीन राशि 59 हजार, 5 हितग्राहियों को फुटकर मत्सय विक्रय एवं नाव जाल, 2 हितग्राहियों को नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 40 हजार रूपए, 1 हितग्राही को मुख्यमंत्री निर्माण, श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 1 लाख रूपए, महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता सामाजित सुरक्षा योजना के तहत 2 लाख रूपए और तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2022 का पारिश्रमिक भुगतान 52 हजार 880 रूपए का चेक वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहां 72 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा भी वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वन अधिकारों के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ राज्य देश में अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। वनांचल और जंगलों के बीच रहने वाले राज्य के प्रत्येक परिवारों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष पहल और प्रयास किया जा रहा हैं। छत्तीसगढ़ ने लघु वनोपज के संग्रहण में देश में पहले स्थान पर अपनी पहचान बनाई है।

### महापौर ने खाली भूखण्डों के स्वामियों से संपत्तिकर की वसूली करने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम मुख्यालय महात्मा गॉधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में निगम राजस्व विभाग अध्यक्ष श्रीमती अंजनी राधेष्याम विभार, अपर आयुक्त अरविंद शर्मा, उपायुक्त डॉ. आर.के. डोंगरे की उपस्थिति में सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों , राजस्व निरीक्षकों, सहायक राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर नगर निगम राजस्व विभाग के विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये। महापौर ने जोन सहायक राजस्व अधिकारियों को नगर निगम क्षेत्र में सभी 70 वार्डो में खाली भूखण्डों के स्वामियों से उन्हें नोटिस देकर संपत्तिकर वसूली अभियान चलाकर निगम हित में प्राथमिकता के साथ सुनिष्चित करने के निर्देष दिये। महापौर ने निगम हित में राजस्व विभाग के अधिकारियों को निरंतरता से राजस्व वसूली अभियान वर्ष भर 12 माह चलाने के निर्देष दिये। महापौर ने बैठक में वर्ष भर चलाये गये राजस्व वसूली अभियान की जानकारी लेकर उसका जोनवार एवं वार्डवार अवलोकन किया।






### मुख्यमंत्री बघेल से शहीद दीपक भारद्वाज के माता-पिता सहित परिजनों ने की मुलाकात

# मुख्यमंत्री ने शहीद भारद्वाज के अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए किया नमन

श्रीकंचनपथ न्यूज


**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद दीपक भारद्वाज के माता-पिता राधेलाल भारद्वाज तथा श्रीमती परमेश्वरी भारद्वाज सहित परिजनों ने मुलाकात की और उन्होंने बेटे की शहादत के बाद शहीद श्री दीपक भारद्वाज को वीरता के लिए मिले ''कीर्ति चक्र सम्मान'' हेतु आभार जताया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान देश की आन-बान, शान की खातिर श्री दीपक भारद्वाज के अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।



गौरतलब है कि नवगठित सक्ती जिले के मालखरौदा विकासखंड के पिहरीद गांव में रहने वाले सब इंस्पेक्टर शहीद श्री दीपक भारद्वाज ने देश की आन-बान-शान की खातिर 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के टेकलागुडम नामक स्थान में नक्सल ऑपरेशन के दौरान अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य परायणता का नया अध्याय लिखा और अपनी शहादत दे दी, 9 मई को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शहीद श्री दीपक भारद्वाज को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। राष्ट्रपति के हाथों शहीद दीपक की मां श्रीमती परमेश्वरी भारद्वाज और पत्नी श्रीमती क्रांतिका भारद्वाज ने कीर्ति चक्र ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के इस सपूत के त्याग और बलिदान को सम्मान देने के लिए जैजैपुर विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान शहीद दीपक भारद्वाज के गृहग्राम पिहरीद पहुंचकर शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

इसके साथ ही उन्होंने पिहरीद के हाईस्कूल का नामकरण शहीद दीपक भारद्वाज के नाम पर करने की घोषणा भी की है। इस अवसर पर विधायक चन्द्रपुर रामकुमार यादव,सुनील चन्द्रा, कमल किशोर पटेल, मोनू शर्मा सहित शहीद के परिजन उपस्थित थे।




## खास खबर...

### नेशनल लोक अदालत में होगा आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निराकरण

**रायपुर।** आपसी सुलह के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान में शनिवार 13 मई 2023 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाना है।

### व्यापमं ने विभिन्न परीक्षाओं के लिए जारी की परीक्षा तिथि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, संचालनालय पशु चिकित्सा सेवाएं एवं कार्यालय श्रमायुक्त के अंतर्गत विभिन्न भर्तियों के लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण कर दिया है।

सहायक प्रबंधक (उपार्जन, निर्माण, प्रक्रिया) भर्ती परीक्षा 2023 तथा सहायक प्रबंधक (प्रबंधन) भर्ती परीक्षा के आनलाइन आवेदन 12 मई से 29 मई तक भरे जा सकेंगे। इसके त्रुटि सुधार की तिथि 30 मई से 1 जून तक रहेगी। 5 जून को प्रवेश पत्र जारी किये जाएंगे। 11 जून को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भर्ती परीक्षा 2023 के आनलाइन आवेदन 12 मई से 29 मई तक भरे जा सकेंगे। इसके त्रुटि सुधार की तिथि 30 मई से 1 जून तक रहेगी। इसके लिए 9 जून को प्रवेश पत्र जारी किये जाएंगे। इसकी परीक्षा 17 जून को होगी।

सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक एवं श्रम उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के आनलाइन आवेदन 12 मई से 29 मई तक किये जाएंगे। इसके त्रुटि सुधार की तिथि 30 मई से 1 जून तक है। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 10 जून होगी। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 18 जून को होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप इन परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश

**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने आरईएस, प्रधानमंत्री आवास योजना और पंचायत संचालनालय के कार्यों की समीक्षा की**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने वरिष्ठ अधिकारियों, सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सभी जिलों में पदस्थ विभागीय उप संचालकों और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं पंचायत संचालनालय के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों की मरम्मत, रंगाई-पुताई तथा अतिरिक्त कमरों के निर्माण के प्रगतिरत कार्यों को गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने से



पहले 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने निविदा की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर अप्रारंभ कार्यों को भी जल्द शुरू करने को कहा। उन्होंने सभी स्कूल भवनों की पुताई गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट से करने के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव साहू ने निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल राज्य ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान में आज लगातार दूसरे दिन चली मैराथन बैठक में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, मुख्यमंत्री आंतरिक गली विद्युतीकरण योजना, मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण योजना, ग्राम पंचायत विकास योजना, राष्ट्रीय ग्राम सुराज अभियान तथा अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा कानून के क्रियान्वयन की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि और जनपद पंचायत विकास निधि के अंतर्गत अनुशंसित कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

श्री साहू ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निर्माणाधीन आवासों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने इसके हितग्राहियों के आधार कार्ड की सीडिंग के काम में भी तेजी लाने को कहा। उन्होंने रीपा केंद्रों और गौठानों में प्रगतिरत कार्यों को बरसात के पहले पूर्ण करने को कहा। श्री साहू ने राष्ट्रीय ग्राम सुराज अभियान और मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों के लिए नियमित प्रशिक्षण का आयोजन कर इसकी एंट्री ट्रेनिंग मैनेजमेंट पोर्टल पर करने के निर्देश दिए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., राज्य मनरेगा आयुक्त रजत बंसल, पंचायत विभाग के संचालक कार्तिकेय गोयल, रीपा के प्रभारी अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह, राज्य ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान के संचालक पी.सी. मिश्रा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव पुष्पा साहू और अशोक चौबे भी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

## अपर आयुक्त केएल चौहान ने निर्वाचन की तैयारियों का निरीक्षण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में जिलों की तैयारियों के निरीक्षण के लिए अपर आयुक्त राजस्व केएल चौहान सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दौरे पर रहे। सर्किट हाउस सारंगढ़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जांचकर्ता अधिकारी चौहान ने सर्किट हाउस में निर्वाचन अंतर्गत मतदाता सूची, प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, संचालन, इपिक वितरण, व्यय, वेबकास्टिंग, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्र, बीएलए नियुक्ति के संबंध में कलेक्टर और एसपी आशुतोष सिंह से चर्चा की। अपर आयुक्त चौहान को कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जिले के निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी दी।



कलेक्टोरेट सारंगढ़ के समीप कृषि उपज मंडी प्रांगण में अपर आयुक्त चौहान ने प्रारंभिक स्तर पर जांच (एफएलसी) के तहत स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। चौहान ने दोनों विधानसभा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के मतगणना स्थल, राजनीतिक दलों के लिए आवागमन, आगमन-बर्हिगमन, बेरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, एसडीएम मोनिका वर्मा उपस्थित थे।

## मई की शुरूआत में बारिश, अब पारा कई जगह 44 डिग्री

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में आ रही शुष्क हवा से दिन में गर्मी बढ़ गई है। सक्ती समेत कुछ जगहों पर दोपहर का तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया है। राजधानी समेत प्रमुख शहरों में दोपहर का तापमान 40 से 42 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक तापमान धीरे-धीरे और बढ़ेगा। हालांकि अब तक छत्तीसगढ़ में कहीं भी लू की घोषणा की नौबत नहीं आई है। शुक्रवार को शुष्क और गर्म हवा से सक्ती और तिल्दा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया। सक्ती में पिछले दो-तीन दिनों से तापमान लगातार इसी के आसपास है। राजनांदगांव में भी पारा 42 के ऊपर रहा। यहां तापमान नार्मल से तीन डिग्री तक अधिक रहा। राजधानी रायपुर, माना, बिलासपुर, दुर्ग में तापमान 41 डिग्री रिकार्ड किया गया। सभी जगहों का तापमान सामान्य से करीब एक डिग्री कम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में फिलहाल तापमान में बहुत ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। अगले तीन-चार दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा।

**पूर्व मंत्री ने 1 हजार लोगों संग देखी केरला स्टोरी**

## बृजमोहन ने कहा- भारत की लड़कियों को सुरक्षित करने के लिए देखें फिल्म

**रायपुर (ए)।** रायपुर के एक मॉल में 3 ऑडिटोरियम बुक किए गए। इसके बाद एक हजार लोगों के साथ पूर्व मंत्री, विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने द केरला स्टोरी फिल्म देखी। अग्रवाल ने कहा कि भारत की लड़कियों को सुरक्षित करने के लिए ये फिल्म लोग देखें इसका प्रचार करें और सभी को दिखाएं। इसी वजह से आज हमने स्थानीय लोगों के साथ ये फिल्म देखी है।



फिल्म देखने के बाद इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह फिल्म प्रत्येक भारतीय को विशेष रूप से सनातनियों को जरूर देखनी चाहिए। क्योंकि इसमें जो कुछ दिखाया गया है वह एक भयावह सच्चाई है। इसमें बताई गई सच्ची कहानी केवल एक बेटी की नही है। ऐसी हजारों बेटियां लव जिहाद के षड्यंत्र को शिकार हो चुकी है। ऐसे में अपने धर्म और संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिए हमें सचेत रहना जरूरी है।

विदेशियों का एजेंडा बृजमोहन ने कहा कि भारतीय धर्म संस्कृति के विरुद्ध लव जिहाद विदेशी आतंकवादियों का नया एजेंडा है। भारत की बेटियों को बहला फुसलाकर उनका जीवन बर्बाद करते हुए धर्मांतरित किया जा रहा है। फिल्म के माध्यम से यह सच्चाई आज दुनिया के सामने है। बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग करते हुए इस फिल्म को टैक्स फ्री करने को कहा है।

### एक्ट्रेस के काम को भी सराहा

बृजमोहन अग्रवाल ने फिल्म के निर्माता विपुल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन के हिम्मत की दाद दी वहीं अभिनेत्री अदा शर्मा के अभिनय की सराहना भी की। इस मौके पर सांसद सुनील सोनी, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, निगम को नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष तिवारी, ललित जयसिंघ, सचिन मेघानी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता मौजूद रहे।

### कमाई कर रही फिल्म

पहले दिन द केरल स्टोरी की कमाई सिर्फ 8.03 करोड़ रही थी, लेकिन माउथ पब्लिसिटी से दूसरे दिन कलेक्शन में बढ़ोतरी हुई है। अब तक फिल्म 20 करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुकी है। इससे पहले ऐसी ही रियल स्टोरी पर बेस्ड फिल्म द कश्मीर फाइल्स भी पहले दिन कम कलेक्शन कर दूसरे दिन ज्यादा कमा चुकी है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा**

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय हाईपॉवर कमेटी की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की हाईपॉवर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित राज्य की स्वीकृत सड़क परियोजनाओं के प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित जिलों के कलेक्टरों को राष्ट्रीय राजमार्गों के अंतर्गत आने वाली सड़कों के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने, सड़क निर्माण में आने वाली सभी बधाओं को दूर करने और सड़कों के निर्माण हेतु वृक्ष कटाई, वन भूमि के व्यपवर्तन, भू-अर्जन, मुआवजा, लाईन शिफ्टिंग कार्य, भूमि नामांतरण की प्रक्रिया सहित अन्य कार्यवाहियों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में मुख्य रूप से सरगुजा जिले के अम्बिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग के कॉरिडोर, अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग,




शिवनगर से अम्बिकापुर मार्ग निर्माण के कार्यों की समीक्षा की गई। जशपुर जिले के अंतर्गत पत्थलगांव-कुनकुरी मार्ग, अम्बिकापुर से पत्थलगांव मार्ग, सूरजपुर जिले के अंतर्गत कटनी गुमला मार्ग, बिलासपुर जिले के अंतर्गत कबीर चबुतरा-केवची-केंदा-रतनपुर मार्ग, बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी मार्ग, बिलासपुर-पथरापाली मार्ग, बिलासपुर-उरगा मार्ग, मुंगेली जिले के अंतर्गत बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी और कबीरधाम जिले के अंतर्गत बिलासपुर-तखतपुर-मुंगेली-पण्डरिया-पोंड़ी मार्ग निर्माण के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत बिलासपुर-उरगा मार्ग, कोरबा जिले के पथरापाली-कटघोरा मार्ग, चाम्पा-कोरबा-छुरी-कटघोरा मार्ग और बिलासपुर-उरगा मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। रायपुर जिले के अंतर्गत अभनपुर से पांडुका मार्ग, रायपुर-विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना (झांकी से सरगी) मार्ग, शदाणी दरबार के पास एनएच-30 पर एक्सप्रेसवे का जंक्शन प्वाईन्ट निर्माण एवं दुर्ग जिले के अंतर्गत रायपुर-दुर्ग फोरलेन, दुर्ग-रायपुर बायपास भारतमाला परियोजना के निर्माण कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। गरियाबंद जिले के अंतर्गत मदांगमुड़ा से खुटगांव, अभनपुर से पांडुका, मदांगमुड़ा से देवभोग मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। धमतरी जिले के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्नम भारतमाला परियोजना, धमतरी शहर बायपास का वन टाईम इम्प्रूवमेंट कार्य और कोण्डागांव जिले के अंतर्गत कोण्डागांव-नारायणपुर मार्ग के कार्यों की समीक्षा की गई। नारायणपुर जिले के अंतर्गत नारायणपुर-कस्तुरमेटा मार्ग और सुकमा जिले के ग्राम छिन्दगढ़ में फोरलेन के कार्यों की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव राजस्व एन.एन.एक्का सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग और गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243



















# वजन घटाने के तमाम पैंतरें हो चुके हैं फेल तो आज से ही शुरु कर दें कार्डियो एक्सरसाइज वेट लॉस के साथ साथ दूर होंगी बीमारियां



सिर्फ जिम में जाकर घंटों पसीना बहाना काफी नहीं है.. ये जानना बेहद जरूरी है कि आप जो एक्सरसाइज जिम कर रहे हैं वो फायदेमंद है भी या नहीं. ज्यादातर लोग जिम में मसल बिल्डिंग के लिए स्ट्रैंथनिंग और वेटलिफ्टिंग करते हैं... लेकिन अगर आप वाकई वजन कम करने के साथ-साथ सेहतमंद रहना चाहते हैं तो कार्डियो एक्सरसाइज से बेस्ट कुछ भी नहीं है. रनिंग, जॉगिंग, साइकिलिंग, स्विमिंग, ब्रिस्क वॉकिंग और रोइंग कुछ पॉपुलर कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज हैं जिन्हें कोई भी कर सकता है. ये सिर्फ आपको वेट लॉस में मदद नहीं करेंगी बल्कि आपकी हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने के साथ-साथ आपके ब्लड सरकुलेशन को सही करने और स्ट्रेस से छुटकारा दिलाने में भी मदद करती हैं. चलिए आपको बताते हैं कार्डियो एक्सरसाइज के हेल्थ बेनिफिट्स.

### हार्ट हेल्थ में सुधार

कार्डियो एक्सरसाइज हार्ट, ब्लड वेसल्स और लंग्स की हेल्थ के लिए सबसे बेहतर मानी जाती हैं. ये हार्ट डिसीज के जोखिम को कम करने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने मैं भी मददगार होती हैं.

### वेट लॉस

कार्डियो एक्सरसाइज कैलोरी बर्न करने और वजन घटाने में मदद करने के लिए बहुत अच्छे हैं. यह शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद करता है, जिससे ओवरऑल हेल्थ सुधरती है और सेल्फ कॉन्फिडेंस बूट्स होता है.

### तनाव होगा कम

कार्डियो एक्सरसाइज तनाव और चिंता के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है. यह एंडोर्फिन रिलीज को बढ़ावा देता है, जो एक प्राकृतिक मूड बूस्टर है और समग्र मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है. जैसे-जैसे हार्ट रेट और सांस में वृद्धि होती है, एंडोर्फिन, शरीर के प्राकृतिक मूड बूस्टर रिलीज होते हैं, मूड में सुधार होता है, तनाव, चिंता और अवसाद कम होता है.

### अच्छी नींद

कार्डियो एक्सरसाइज नींद की गुणवत्ता और अवधि में सुधार करने में मदद कर सकते हैं. लंबे समय तक सोने और समग्र नींद चक्र में सुधार करने में मदद करता है.

### स्टेमिना में वृद्धि

वजन कम करने में कार्डियो एक्सरसाइज फायदेमंद तो है ही लेकिन यह आप की सहनशक्ति के स्तर को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकती है. यह व्यायाम आपको अधिक समय तक काम करने में सक्षम बनाता है जिससे ज्यादा कैलोरी तो बर्न होती ही है ओवरऑल फिटनेस भी बेहतर होती है.

### पुरानी बीमारियों का खतरा कम

कार्डियो एक्सरसाइज डायबिटीज, स्ट्रोक और कई प्रकार के कैंसर जैसी पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में भी मदद करती हैं.

# शिमरी व्हाइट आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं रिया चक्रवर्ती



बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट पर रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती इन दिनों अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रिया ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट लुक देखकर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपनी अदाओं से फैंस को इस कदर दीवाना बना देती हैं कि लोगों की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो जाती हैं। रिया चक्रवर्ती ने अपने इन लेटेस्ट लुक में व्हाइट कलर का शिमरी आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों में बैकलेस और अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए स्टाइलिश फोटोशूट करवा रही हैं। बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन दिनों भले ही एक्ट्रेस किसी फिल्म में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन वो आए दिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रह कर अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ के बारे में अपडेट्स देती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर देते हैं।

# अंजलि तत्रारी वंशज में मुख्य भूमिका निभाएंगी




**टीवी अभिनेत्री अंजलि तत्रारी को आगामी शो वंशज में फीमेल मुख्य भूमिका निभाने के लिए लिया गया है। उन्होंने युवा लड़की युविका की भूमिका निभाने के बारे में बात की, जिससे वह कई तरह से संबंधित हो सकती है। अंजलि ने 2018 में एक्शन फिल्म सिम्बा से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने मेरे डैड की दुल्हन, तेरे बिना जिया जाए ना जैसे टीवी शो में अभिनय किया।**

नए शो में मुख्य भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा: युविका एक युवा लड़की है, जो अपने आप को चुनौतीपूर्ण स्थिति के बीच पाती है और मैं उसकी यात्रा को चित्रित करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि वह इस कठिन दौर से गुजरती है।

उन्होंने कहा कि कई मायनों में वह अपने ऑन-स्क्रीन चरित्र के समान हैं और अंजलि को उम्मीद है कि दर्शक शो में उनके व्यक्तित्व को पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, उसका किरदार मेरे साथ तुरंत जुड़ गया और मैं उसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक वंशज को देखने का आनंद लेंगे और युविका के चरित्र से जुड़ सकते हैं।

वंशज एक कारोबारी परिवार के सदस्यों और उनके शक्तिशाली साम्राज्य के इर्द-गिर्द है। यह अमीर होने और राजनीतिक प्रभाव होने के बावजूद उनके ट्रायल्स और क्लेशों और खामियों को दिखाएगा। वंशज जून में सोनी सब पर प्रसारित होगा।



## अनुराग कश्यप की कैनेडी का टीजर जारी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी फिल्म


अनुराग कश्यप ने हिंदी सिनेमा में कई ऐसी दिलचस्प फिल्में और सीरीज बनाई हैं। उनकी फिल्मों के लोग दीवाने रहते हैं। अब हाल ही में अनुराग कश्यप की फिल्म केनेडी कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में स्क्रीनिंग के लिए चुनी गई है। वहीं मेकर्स ने इस फिल्म का ऑफिशियल टीजर रिलीज कर दिया है। इसमें राहुल भट्ट और सनी लियोनी नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने पहली बार इसकी झलक दिखाई है।

अनुराग कश्यप की अपकमिंग फिल्म कैनेडी का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर ने आते ही फैंस की एक्साइटमेंड को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। टीजर को देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म पूरी तरह से सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर है। राहुल भट्ट के साथ-साथ टीजर में सनी लियोन की एक्टिंग भी लाजवाब लगी। टीजर की शुरुआत बता कितने कत्ल किये तूने... डायलॉग से होती है। इसके बाद आवाज आती है, बता कितना मजा आया। बेहिसाब चल रहा है। तो आपने लाश की कीमत लगाता चल। क्योंकि बाकी रहा तो कुछ और, कुछ भी नहीं। इस बीच तमाम गोली बारी, कत्ल होता है।

टीजर के अंत में चार्ली के रूप में सनी लियोनी की एंट्री होती है। टीजर में सनी लियोन कुछ सेकंड के लिए ही नजर आईं, लेकिन उनकी एक्टिंग देखकर भी लोग हैरान रह गए हैं। कैनेडी के टीजर में सस्पेंस और थ्रिलर कूट-कूटकर भरा है। बता दें कि केनेडी 76वें कान फिल्म फेस्टिवल में 24 मई 2023 को दिखाई जाएगी।

फैंस को केनेडी का ट्रेलर बहुत पसंद आ रहा है। वह सोशल मीडिया पर इसपर कमेंट करने से थक नहीं रहे हैं। मेकर्स ने अभी केनेडी की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है, लेकिन हालांकि राहुल भट्ट ने केनेडी के कई पोस्टर्स जरूर शेयर किए हैं।

# अल्लू अर्जुन बनेंगे आदित्य धर के द इमोर्टल अश्वथामा




निर्देशक आदित्य धर का ड्रीम प्रोजेक्ट द इमोर्टल अश्वथामा पिछले तीन सालों से शुरू होने की राह देख रहा है। आरएसवीपी के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म से रॉनी स्क्रूवाला ने हाथ पीछे खींच लिए थे, उसके बाद से निर्माता की तलाश जारी थी, जो जियो स्टूडियो पर जाकर रुकी। जियो ने तुरन्त फैसला लेते हुए फिल्म से विक्की कौशल को बाहर का रास्ता दिखा दिया, क्योंकि वो 300 करोड़ की लागत को विक्की पर नहीं लगाना चाहता था। इसके बाद कई सितारों के नाम सामने आए लेकिन बात अब अल्लू अर्जुन के संकेत देने से बढ़ रही है। अब सुनने में आया है कि पुष्पा स्टार के साथ मेकर्स की बात शुरू हो चुकी है। शुरुआती स्तर पर अल्लू अर्जुन को फिल्म का कॉन्सेप्ट काफी पसंद आया है। और वो इसे करने के लिए हामी भर चुके हैं।

रिपोर्ट की मानें तो करीबी सूत्र ने कहा, अश्वथामा आदित्य धर का सपना है। जिसे जियो स्टूडियो के बोर्ड में आने पर नई जिंदगी मिली। फिल्ममेकर और जियो स्टूडियो के टॉप अधिकारी अल्लू अर्जुन से बात कर रहे हैं। बातें शुरुआती स्तर पर हैं और अल्लू अर्जुन ने अपनी ओर से इस अनोखी दुनिया में आने के लिए उत्सुकता दिखाई है। बीते कुछ महीनों में कई बातचीत के दौर पूरे हो चुके हैं और जल्दी ही चीजें वास्तविकता का रूप ले सकेंगी।

## श्रावणी में निगेटिव रोल पर बोली आरती सिंह, मेरा कैरेक्टर महिला चाणक्य है

अभिनेत्री आरती सिंह, जो वर्तमान में टीवी शो श्रावणी में दिखाई दे रही हैं, नेगेटिव लीड चंद्रा की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने अपने कैरेक्टर को महिला चाणक्य बताया। आरती सिंह और गौरिका शर्मा ने शो में अपनी भूमिकाओं के बारे में बात की।

चंद्रा की भूमिका निभाने पर, आरती ने कहा: चंद्रा किसी भी तरह सब कुछ हासिल करना चाहती है और वह जो चाहती है उसे पाने के लिए कुछ भी करेगी। वह बहुत महत्वाकांक्षी है। चंद्रा महिला चाणक्य की तरह है। उन्होंने कहा, इस भूमिका को निभाना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण है। मैंने कभी भी खलनायक की भूमिका नहीं निभाई है, एक पूरी तरह से निगेटिव कैरेक्टर। मैं आम तौर पर तैयारी नहीं करती हूं, मैं स्वाभाविक रूप से कैरेक्टर से जुड़ जाती हूं। इसके अलावा, मैं लखनऊ से हूं और यह कहानी भी यूपी पर आधारित है, इसलिए बोली और शैली को चुनना मेरे लिए मुश्किल नहीं था।

उन्होंने कहा: मैंने कभी भी खलनायक की भूमिका नहीं निभाई है और निश्चित रूप से यह निगेटिव भूमिका है और कहानी का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रोडक्शन हाउस बहुत अच्छा है। मैं निर्माता और निर्देशक को जानती हूं, उन्होंने पहले कुछ सराहनीय काम किए हैं। यही कुछ कारण हैं जिनकी वजह से मैंने शो लिया क्योंकि मैं अच्छे लोगों के साथ काम करना चाहती थी।

### द केरल स्टोरी ने रचा इतिहास

## पहले हफ्ते सबसे अधिक कमाई वाली महिला-प्रधान बॉलीवुड फिल्म बनी



सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित द केरल स्टोरी इस समय पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म की वजह से देश एक बार फिर से 2 पक्षों में बंट गया है। जहां कुछ लोग इस फिल्म का समर्थन कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों द्वारा द केरल स्टोरी का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। अब इस बीच द केरल स्टोरी ने इतिहास रच दिया है और सबसे अधिक ओपनिंग वाली महिला-प्रधान बॉलीवुड फिल्म बन गई है।

तमाम विवादों के बीच 5 मई को रिलीज हुई द केरल स्टोरी का बॉक्स ऑफिस का शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर 81 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। इसी के साथ द केरल स्टोरी ने कंगना रनौत की तनु वेड्स मनु रिटर्न्स (69.95 करोड़) और आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी (68.83 करोड़) फिल्मों को पछाड़ दिया है। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

अब फिल्म मुनाफे से भी आगे निकल चुकी है। ऐसा लग रहा है कि फिल्म पर बैन का कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बाद अब उत्तराखंड और हरियाणा सरकार ने भी फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है। इससे कमाई में और अधिक उछाल देखने को मिल रहा है।

# बच्चों के डायपर में हो सकते हैं 10 हजार से ज्यादा वायरस, ये दो चीजें कर लें तो ज्यादा फायदे मिलेंगे

**घर में छोटे बच्चे होने से रौनक बनी रहती है. बच्चे का खेलना, हंसना दिल को काफी सकून देते हैं. अपने बच्चे को आप डाइपर तो पहनाते ही होंगे. इससे बच्चे और खुद आपको भी सुविधा रहती है.पहले के समय में बच्चे को यूरिन के गीलेपन से बचाने के कपड़े की लंगोट पहनाई जाती थी. इसके बाद डाइपर्स का जमाना आया और अब हर मां बाप अपने को डाइपर ही पहनाते हैं.लेकिन क्या आपको पता है कि हर वक्त बच्चे को बाजार के डाइपर पहनाना खुद बच्चे के लिए काफी नुकसानदेय है.**



### सिंथेटिक डाइपर हैं बच्चे के लिए खतरनाक

डॉक्टर बताते हैं कि बाजार में मिलने वाले डाइपर्स को लीक प्रूफ पॉलिमर से बनाया जाता है. ये पॉलिमर पर एब्जोर्बेंट होते हैं जो जल्दी सोखते हैं और इनके अंदर खुशबू वाले कैमिकल भी मिलाए जाते हैं. आपको बता दें कि नेचर माइक्रोबायोलॉजी जर्नल में छपी एक खबर में कहा गया है कि हाल में ही में हुए एक अन्तरराष्ट्रीय शोध में बच्चों के इन डाइपर्स में करीब दस हजार से ज्यादा वायरस पाए गए. इनमें से 16 वायरस की पहचान तक हो गई है. यानी बच्चों को पूरे दिन डायपर पहना कर रखने वाले मां बाप बच्चों को इन खतरनाक वायरस के हवाले कर रहे हैं. इन डाइपर्स के काफी नुकसान होते हैं, इससे स्किन पर ना केवल रैशेज पड़ते हैं बल्कि अस्थमा जैसी बीमारी भी हो सकती है.

### बच्चे को पहनाएं कपड़े की नैपकिन

अपने छोटे बच्चे को वायरस और कई गंभीर बीमारियों से बचाने का एक तरीका है कि आप अपने बच्चे को कपड़े से बना नैपकिन पहनाएं. ये गीला तो होगा लेकिन इसकी सॉफ्टनेस से बच्चे को कोई नुकसान नहीं होगा. अपने घर में ही साफ और कॉटन के लंगोट बना लीजिए और कई सारे सेट रखिए ताकि बच्चा एक गीला करें तो दूसरा पहना सकें. इससे आपका बच्चा आराम भी महसूस करेगा और बीमारियों से सुरक्षित भी रहेगा.

### कुछ देर के लिए बच्चे को नंगा छोड़ना है सही

जरूरी नहीं कि बच्चे को 24 घंटे डायपर पहनाया जाए. उसे कु देर के लिए बिना किसी लंगोट या नैपी के छोड़ना भी उसकी सेहत के लिए काफी अच्छा होगा. इससे उसके हाथ पैर आराम महसूस करेंगे, उसके निजी अंगों को अच्छी हवा मिलेगी और उसका हाइजीन भी बढ़ेगा.

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### नेशनल लोक अदालत में होगा आपसी राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निराकरण

**रायपुर।** आपसी सुलह के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वाधान में शनिवार 13 मई 2023 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। जिसमें जिला न्यायालय, एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, कब्जे के आधार पर बंटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाना है।

### अत्योंदय स्व-रोजगार योजना अंतर्गत आवेदन पत्र 31 तक आमंत्रित

**रायपुर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित रायपुर द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना संचालित है। छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधार किए जाने हेतु सहयोग किया जाना है। आवेदक किसी भी प्रकार के व्यवसाय जैसे- बेकरी कार्य, भोजन बनाना, चाट की दुकान, कोचिंग क्लासेस एवं स्वंय -सहायता समूह का लेखा संधारण, हेयर कटिंग सेलून , ब्यूटी पार्लर, चाय केन्टीन एवं नास्ता केन्द्र, योग शिक्षा, बच्चों की देख-भाल (झूलाघर), लॉन्ड्री कार्य, घड़ी साज, विद्युत यंत्र सुधारक, सायकल मरम्मत, स्कूटर मोपेड, टू-व्हीलर रिपेयरिंग, घर की साज-सज्जा, बागवानी एवं नर्सरी पशुपालन एवं मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, फुटकर विक्रेता, मशाला उद्योग, सॉफ्ट-टायज, कृत्रिम आभूषण निर्माण, दिव्यांगों एवं बुजुर्गो की देखभाल, चाट निर्माण, मोमबत्ती निर्माण, स्टेशनरी दुकान, सिलाई-कढ़ाई-बुनाई, स्वेटर बुनाई, मशरूम उत्पादन, ईट-खपरा निर्माण, डिटर्जेन्ट पाउडर निर्माण, लघु वनोपज वनौषधि निर्माण एवं व्यवसाय इलेक्ट्रीक मोटर पम्प मरम्मत व्यवसाय, खनिज आधारित व्यवसाय, कम्प्यूटर हार्डवेयर मरम्मत व्यवसाय, टाट-पट्टी दरी बुनाई व्यवसाय, रेडियो टी.वी. टेप रिपेयरिंग व्यवसाय, फॉस्ट फूड सेन्टर, एगरोल सेन्टर आदि व्यवसाय आदि विभिन्न छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित करने हेतु अंत्योदय एवं आदिवासी योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम दस हजार रूपये का अनुदान देय है ,परन्तु ऋण राशि की अधिकतम सीमा बंधनकारी नही है।

### सूरजपुर वनमंडल में हरा सोना की खरीदी प्रारंभ

**सूरजपुर।** वनोपज संग्रह पर निर्भर एक बड़ी आबादी के लिए तेंदूपत्ता आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है। आदिवासी इलाकों में इसे हरा सोना भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांछी योजनांतर्गत जिले में तेन्दूपत्ता की खरीदी 09 मई 2023 से खरीदी प्रारंभ हो गया है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दर 4000 हजार प्रति मानक बोरा की दर से तेन्दूपत्ता खरीदी किया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया माननीय भूपेश बघेल ने तेन्दूपत्ता की संग्रहण दर 2500 से बढ़ाकर 4000 प्रति मानक बोरा किया है। ताकि वनवासियों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके और उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। जिला यूनियन में इस वर्ष संग्रहण लक्ष्य कुल 74500 मानक बोरा निर्धारित किया गया है। जिसका कुल संग्रहण पारिश्रमिक 29,80,00,0000.00 (उन्नतीस करोड़ अस्सी लाख) का भुगतान संग्राहकों को किया जायेगा। जिला यूनियन अंतर्गत कुल 30 लॉटों में से 28 लॉटों में अग्रिम क्रेता नियुक्त हो चुके है तथा शेष 02 लॉटों में विभागीय संग्रहण किया जा रहा है। संग्रहण हेतु समस्त प्राथमिक वनोपज समितियों के फड़ों में फड़मुंशी एवं फड़अभिरक्षक नियुक्त किया जा चुका है। समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जा चुकी है। वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक द्वारा अन्य समस्त विभागों को आवश्यक सहयोग करने हेतु अपील की गई है।

### शासन द्वारा ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग नीति 2023-24 लागू

# ग्रामीण एवं शहरी औद्योगिक पार्क अंतर्गत कुटीर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देने की जरूरत : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव। शासन द्वारा ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग नीति 2023-24 लागू की गई है। जिसके अंतर्गत कुटीर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना होने पर इकाईयों को औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अधीन अनुदान, छूट व रियायत की पात्रता होगी। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रीपा एवं अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क अंतर्गत कुटीर, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के संबंध में उद्यमियों की बैठक ली।**



उन्होंने कहा कि अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के अंतर्गत चाहे ग्रामीण एवं शहरी औद्योगिक पार्क प्रदेश के किसी भी विकासखण्ड में क्यों न हो वहां वन, उद्यानिकी, पशुधन डेयरी, हाथकरघा, रेशम, एवं अन्य ग्रामोद्योग आधारित उद्योग के विस्तार के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का लक्ष्य है। ग्रामीण एवं कुटीर औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किया जाना है। जहां सड़क, पानी, बिजली जैसी अधोसंरचना एवं आवश्यक सुविधाएं संबंधित विभागों द्वारा विकसित किए जाएंगे। महिला एवं युवा स्वसहायता समूहों के माध्यम से गौठानों में गोबर के दिए, गोबर के गमले विभिन्न प्रकार के साबुन, बड़ी, पापड़, आचार, अगरबत्ती आदि अनेक छोटे-छोटे कुटीर उद्योग प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन कुटीर उद्योगों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूत बन रही है एवं रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की गई है। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश के लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आमदनी में बढ़ोत्तरी करने के लिए प्रमुख आधार ग्रामोद्योग ही हो सकता है। छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में यह ग्रामोद्योग कृषि, पशुधन एवं वनों पर आधारित ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग रहेंगे। उद्योगों की स्थापना हेतु ग्रामीण औद्योगिक पार्कों मे स्थित भूमि का उपयोग किया जायेगा। रीपा अंतर्गत उद्यमियों के चयन में निजी उद्यमी, युवाओं, पुरूष, स्वसहायता समूहों व मितान क्लबों को प्राथमिकता दी जायेगी। चयनित उद्यमी अनिवार्यतः उसी ग्राम पंचायत क्षेत्र के होने चाहिए जहां रीपा संचालित है।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों मे 3 से 5 एकड़ शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर उसमे सड़क, बिजली, पानी इत्यादि की सुविधाएं संबंधित प्रशासकीय विभागों द्वारा विकसित की जायेगी। ऐसे भूमि का आबंटन छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत किया जायेगा। भूमि का आबंटन प्रथमतः अधिकतम 30 वर्षो हेतु पट्टाभिलेख पर किया जायेंगे। ग्रामीण एवं कुटीर औद्योगिक क्षेत्रों मे अनुमोदित मानचित्र के अनुरूप 5 से 10 हजार एवं 20 हजार वर्गफुट के भूखण्ड विकसित किए जायेंगे। जिन्हें उद्यमियों की मांग अनुसार जिला कलेक्टर के अनुमोदन से संबंधित जिले के महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, द्वारा आबंटित किया जाएगा। भूमि आबंटन हेतु प्रब्याजी एवं भू भाटक तथा अन्य देय शुल्क छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015 के अंतर्गत जिले के निकटतम औद्योगिक क्षेत्र के लिए निर्धारित दर के 50 प्रतिशत के बराबर देय होगा। भूमि आबंटन से 3 माह के अंदर इकाई को कार्य प्रारंभ कर अधिकतम 01 वर्ष मे स्थापना कार्य पूर्ण करना होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राज्य में कृषि, पशुधन एवं वनधन को शामिल करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव गौठानों के रूप में की गई है। गौठानों के पुनजीर्वित होने के कुछ महीनों के भीतर ही गौठानों में अनेक प्रकार की आर्थिक गतिविधयां प्रारंभ हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों मे डेयरी, मुर्गी पालन व पशु पालन की अपार संभावनाएं है इस संबंध में पशु पालन विभाग द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। पारम्परिक रूप से छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या मे बुनकर सूती एवं कोसा वस्त्रों का उत्पादन करते रहे हैं, जो कि देश-विदेश में लोकप्रिय है। कॉटन के हैण्डलूम वस्त्रों का उत्पादन शहतूत उत्पादन रेशम उत्पादन के भी कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बुनकरों को संगठित कर हैण्डलूम वस्त्रों के उत्पादन और विक्रय कार्य में सहायता कार्य हथकरघा संघ द्वारा किया जा रहा है। पारम्परिक शिल्पी, रॉट आयरन, बेल मेटल, कॉष्ठ शिल्प, बांस शिल्प, आदि की कलाकृतियां, माटीकला के कार्य भी पारम्परिक रूप से होता रहा है।

## कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद नारायण सोढ़ी की पत्नी ने कहा, मेरे पति ने देश में अमन चैन के लिए दी अपनी शहादत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सुशीला सोढ़ी के लिए 9 मई का दिन बहुत भावुक क्षण था, जब राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उनके पति शहीद नारायण सोढ़ी को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया। कृतज्ञ राष्ट्र ने उनके पति की असाधारण वीरता का सम्मान किया था। सुशीला ने बताया कि उनके लिए राष्ट्रपति के हाथों यह सम्मान ग्रहण करना बहुत गौरवपूर्ण क्षण था।

शहीद जवान की पत्नी सुशीला ने स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि मेरे पति ने अपने देश के लिए शहादत दी। उन्होंने देश में अमन चैन के लिए अपनी शहादत दी। मेरे पति का जन्म बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड के पुन्नूर में हुआ था। उन्होंने नक्सल हिंसा को निकट से देखा था। सलवा जुडूम आंदोलन के समय अपने गाँव से दूर होने का दुख उन्होंने झेला था। वे एसपीओ के रूप में भर्ती हुए और माओवाद के खिलाफ जंग शुरू की। 2010 में वे जिला बल में तैनात हुए। सन् 2006 में सलवा जुडूम आंदोलन के दौरान उन्हें परिवार समेत मूल गांव छोड़ना पड़ा था। बीजापुर जिले के टेकलगुडेम में हुए नक्सल ऑपरेशन के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

सुशीला ने बताया कि जिला बल में तैनात रहते हुए उन्होंने हमेशा चौकस रहकर कार्य किया। वे जब भी घर आते तो बताते कि किस तरह से नक्सल उन्मूलन की कठिन लड़ाई कर रहे हैं। हम सबको उनके साहस को देखकर बहुत अच्छा लगता। वो बताते कि कई बार रात-रात भर जंगलों में उन्हें सुरक्षा बलों के साथ मोर्चे पर जाना होता। इतने कठिन जीवन के बावजूद उनके चेहरे पर हमेशा संतोष रहता था कि वे अपने क्षेत्र की सुरक्षा के लिए यह कार्य कर रहे हैं। वे हमेशा कहते कि जब हम साहस करते हैं तभी हम बिना डर के जीवन जी सकते हैं। सुशीला ने बताया कि उनके पति ने देश के लिए असाधारण त्याग किया है और देश ने उन्हें इसके लिए सम्मानित भी किया है। हमारा पूरा परिवार इस सम्मान में हिस्सेदारी महसूस करता है और राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता महसूस करता है।

## जिला अस्पताल को मिला एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाण पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सुकमा।** राज्य स्तर पर 'कायाकल्प' में ढेरों उपलब्धियां हासिल करने के साथ ही जिला अस्पताल सुकमा स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने लगा है। शासन-प्रशासन और अस्पताल प्रबंधक के सहयोग से जिला अस्पताल को भारत सरकार द्वारा चिन्हांकित साफ-सफाई के अलावा गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने में तत्पर रहने वाले चुनिंदा अस्पतालों की श्रेणी का दर्जा मिला है।

सुकमा जिला का यह पहला अस्पताल है जो लेबर रूम क्वालिटी इम्प्रूवमेंट इनिशिएटिव प्रमाणन अस्पताल बना है। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाण पत्र मिलने के बाद जिला अस्पताल की सुविधाओं में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि आमजन को प्रदान की जा रही मानक चिकित्सा सेवाओं और व्यवस्थाओं को परखने के लिए दिल्ली की टीम जिला अस्पताल पहुंची थी।

कलेक्टर हरिस एस. ने जिला अस्पताल को मानक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाले चुनिंदा अस्पतालों की श्रेणी में जगह मिलने पर जिले वासियों के साथ साथ सिविल सर्जन डॉ. अभय प्रताप सिंह तोमर, अस्पताल प्रबंधक गिरीश कश्यप समेत अस्पताल के सभी अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनाये रखें। इसके साथ ही ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों को विकसित करके जिला अस्पताल की तर्ज पर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाएगी।

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जिला अस्पताल की सुविधा जिनमें एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी, ब्लड बैंक, ओपीडी, एसएनसीयू, ओटी, लेबोरेटरी, फर्मेसी एंड सामान्य प्रशासन को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र के साथ ही लेबर रूम और मातृत्व ऑपरेशन थिएटर को लक्ष्य का प्रमाण पत्र मिला।

## मुख्यमंत्री बघेल ने बेलतरा में किया शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन

### बेलतरा में किया शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन, "अरपा पैरी के धार" की प्रस्तुति के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा में शासकीय नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, अध्यक्ष अपेक्स बैंक बैजनाथ चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण चौहान, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक श्री प्रवीण पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन महाविद्यालय के लिए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि अकलतरी गांव में नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी, गोधन न्याय योजना, रीपा जैसी सभी योजनाओं का बहुत अच्छा क्रियान्वयन किया गया है। जिससे आमजन लाभांवित हो रहे हैं। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसी प्रकार अकलतरी में उच्च शिक्षा के विकास के लिए नवीन महाविद्यालय प्रारम्भ किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रारम्भ होने से आस पास के बच्चे उच्च शिक्षा गांव में ही प्राप्त करेंगे। उन्हें बाहर जाना नही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे मानव उन्नति की राह की ओर अग्रसर होता है। गौरतलब है कि शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए ग्राम अकलतरी में 10 एकड़ भूमि आबंटित की गई है। महाविद्यालय निर्माण के लिए डीएमएफ मद से प्रारंभिक चरण के अंतर्गत कुल 71 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

अकलतरी में महाविद्यालय प्रारम्भ होने से आस पास के 25 गाँव के लगभग 500 से ज्यादा विद्यार्थी लाभांवित होंगे। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए सीपत, रतनपुर, बिलासपुर जैसे शहरों की ओर जाना नही पड़ेगा।

राज्य शासन द्वारा क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सहूलियत देने के लिए अकलतरी में नवीन महाविद्यालय प्रारम्भ किया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कॉलेज प्रारंभ हो जाएगा।महाविद्यालय में सत्र प्रारम्भ करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉफ की नियुक्ति भी की जा रही है। जिसमें 6 प्राध्यापक, 1 प्राचार्य 3 लैब टेक्नीशियन, क्लर्क भृत्य सहित 12 पद शामिल हैं। महाविद्यालय में इस सत्र से कला, विज्ञान, वाणिज्य जैसे 3 संकाय प्रारम्भ किए जाएंगे।

# गरीबों के राशन में नान घोटाला करने वाली भाजपा मानसिक घोटालेबाज-कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिये संचालित उचित मूल्य की दुकानों में स्टॉक के सत्यापन को घोटाला बताया जाना भाजपा का दिमागी फितूर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 36000 करोड़ का नान घोटाला करने वाली भाजपा को सपने में भी घोटालों की याद आती है।**

पिछले चार साल में भूपेश सरकार के ऊपर एक भी रू. का घोटाले का प्रमाणिक आरोप नहीं लगा पाने वाली भाजपा केंद्रीय एजेंसियों, केंद्रीय विभाग की टीम भेज कर सरकार की छवि खराब करने की कोशिशों में लगी रहती है। ईडी सीबीआई सहित पूरी केंद्रीय टीम इसी में लगी है। किसी के द्वारा की गयी शिकायत और उस शिकायत के निराकरण के लिये जांच टीम का आना घोटाला नहीं हो जाता। केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की टीम जांच करने आई थी उसे पूरी वस्तु स्थिति से अवगत करा दिया गया। राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार है, रमन राज के समान सरकार पोषित घोटाला नहीं होता, गड़बड़ियां करने वालों पर कार्यवाही होती है। राज्य में किसी प्रकार का कोई भी घोटाला नहीं हुआ है बल्कि गड़बड़ी करने वालों पर कार्यवाहियां की गयी है। राज्य सरकार ने 13992 राशन दुकानों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करवाया है तथा जहां पर गड़बड़ी पायी गयी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की गयी तथा एफआईआर भी दर्ज करवाया गया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता झूठे आरोप लगा रहे कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में छत्तीसगढ़ में सही वितरण नहीं हुआ जबकि खुद भारत सरकार के सीआईबी से जारी कोरोना काल 12 जनवरी 22 को जारी प्रेस नोट में स्पष्ट लिखा गया था कि 2021-22 के चरण III और IV के दौरान छत्तीसगढ़ राशन बंटवारे के श्रेष्ठ लक्ष्य प्राप्त करने वाले राज्यों में प्रमुख है। छत्तीसगढ़ 98 प्रतिशत, त्रिपुरा 97 प्रतिशत, मिजोरम 97 प्रतिशत, दिल्ली 97 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 97 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले प्रमुख राज्य थे।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार के ऊपर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाकर पूर्व रमन सरकार के दौरान हुई 36000 करोड़ के चावल चोरी के महापाप से बरी नहीं हो सकती। पूरा प्रदेश को पता है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने कोविड-19 के दौरान प्रदेश की जनता को प्रत्येक महीना 35 किलो के हिसाब से दो-दो महीने का चावल निशुल्क दी है। साथ ही दूसरे राज्यों के लोग जो छत्तीसगढ़ में थे उनको भी मुफ्त में राशन उपलब्ध कराई है।

भूपेश बघेल सरकार 48 महीना से हर महीना प्रत्येक परिवार को 35 किलो चावल दी थी। केंद्र सरकार से जारी रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना की लाभार्थियों की संख्या तीसरे और चौथे चरण में 98 प्रतिशत थी जो देश के अन्य राज्यों से ज्यादा है ।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### राजधानी में पकड़ाया लाखों का स्क्रैप, 2 गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी की सिलतरा और धरसींवा थाना पुलिस ने लाखों के स्क्रैप के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र से सतीश कुमार बरेठ को और धनेली स्थित ट्रकीला ढ़ाबा के पास से बिम्बाधर बिसोई को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी अवैध कबाड़ बेचने की फिराक में थे।

दरअसल सिलतरा थाना चौकी धरसींवा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक क्रमांक सी जी/11/ए एच/3585 में एक व्यक्ति ट्रक में चोरी का कबाड़ भरकर बिलासपुर से रायपुर की ओर आ रहा है। ट्रक को औद्योगिक क्षेत्र मोड फेस-2 सिलतरा के पहले पुलिस ने रोका। ट्रक में एक व्यक्ति सवार था एवं ट्रक में कबाड़ भरा था। व्यक्ति से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम सतीश कुमार बरेठ निवासी सीपत बिलासपुर बताया। कबाड़ रखने व परिवहन करने के संबंध में सतीश कुमार बरेठ से वैध दस्तावेज की मांग करने पर वह किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह कर रहा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त कबाड़ को चोरी का होना बताया गया। जिस पर आरोपी सतीश कुमार बरेठ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की कबाड़ वजनी 5690 किलोग्राम कीमती लगभग 1,60,000/- रूपये तथा स्क्रैप परिवहन में प्रयुक्त ट्रक क्रमांक सी जी/11/ए एच/3585 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में धारा 41(1+4) जा.फौ./379 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार चौकी सिलतरा थाना धरसींवा पुलिस की टीम द्वारा धनेली स्थित ट्रकीला ढ़ाबा के पास चोरी का कबाड़ बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश करते आरोपी बिम्बाधर बिसोई निवासी कंधमाल उडीसा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### ट्रेवल एजेंसी संचालक से लाखों रूपए की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

**रायपुर (ए)।** शहर में ट्रेवल एजेंसी संचालक से सॉफ्टवेयर बनाने के नाम ठग में लाखों रूपए की धोखाधड़ी की है। ये मामला तेलीबांधा थाने का है। पुलिस ने बताया कि 29-01-2023 पिड़ित रमन जादवानी को जो ट्रेवल्स एजेंसी का काम करता है फोन कर आरोपियों ने खुद को व्यवसायीक सॉफ्टवेयर बनाने वाला बताकर पीड़ित की ट्रेवल एजेंसी के लिए सॉफ्टवेयर बनाने के नाम पर 5 लाख रूपए लेकर धोखाधडी किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 420, 406, 120 बी के तहत अपराध कायम किया है।

# 10वीं व 12वीं के नतीजों के बाद दुर्ग-बिलासपुर-सक्ती में तीन स्टूडेंट्स ने लगाई फांसी

## दुर्ग में फेल होने पर 12वीं की छात्रा ने लगाई फांसी, बिलासपुर व सक्ती में 10 वीं के छात्रों ने दे दी जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग/बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल व सीबीएसई के 10वीं व 12वीं के नतीजों के बाद तीन स्टूडेंट्स ने फांसी लगाककर आत्महत्या कर ली। एक मामले में 12 वीं कक्षा में फेल होने से एमजीएम स्कूल सेक्टर-6 की छात्रा ने अपने घर पर फांसी लगा ली। वह तीन विषयों में फेल हो गई थी। वहीं बिलासपुर में 10वीं के छात्र ने सप्लीमेंट्री आने पर फांसी लगाकर जान दे दिया। इसके अलावा सक्ती में भी 10वीं के छात्र ने फेल होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।




पहले मामले में मालवीय नगर दुर्ग की रहने वाली उपासना वर्मा ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उपासना वर्मा भिलाई के एमजीएम स्कूल सेक्टर-6 में कक्षा 12वीं छात्रा थी। शुक्रवार को सीबीएसई ने कक्षा 12वीं के नतीजे घोषित किए। बताया जा रहा है कि उपासना वर्मा तीन विषयों में फेल हो गई थी। फेल होने से दुखी छात्रा ने फांसी लगा ली। परिजनों ने जैसे ही छात्रा को फंदे से लटकते देखा तो उसे उतार कर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से छात्रा के घर पर मातम का माहौल है। परिजन छात्रा के इस कदम से काफी आहत हैं। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### गणित व अंग्रेजी में फेल होने से छात्र ने दे दी जान

एक अन्य मामले में बिलासपुर के सिरगिट्टी के महिमा नगर निवासी शंकरलाल कौशिक के बेटे तरुण कौशिक (17) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह संतोष सिंह मेमोरियल स्कूल में 10वीं की पढ़ाई कर रहा था। दो दिन पहले ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया है। तरुण गणित और अंग्रेजी में फेल होने से तनाव में था। बताया जा रहा है शुक्रवार को सुबह काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आया, तब उसकी मां उसे नाश्ता करने के लिए बुलाने गई तो। तो देखी कि कमरे में वह फंदे पर लटका हुआ था। जिसके बाद आनन-फानन सभी लोग ऊपर के कमरे में पहुंचे। जब तक उसे नीचे उतारा गया। तब तक उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

### सक्ती में 10वीं फेल होने पर छात्र ने लगाई फांसी

एक अन्य मामले में सक्ती जिले में 10वीं कक्षा के छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र चाहत यादव (16) 10वीं बोर्ड की परीक्षा में फेल हो गया था, जिसके कारण वह बेहद तनाव में था। पुलिस ने बताया कि बाराद्वार के वार्ड नं- 8 में रहने वाला चाहत यादव कक्षा 10वीं का छात्र था। परीक्षा में फेल होने के कारण वो गुमसुम हो गया था। परिवार वालों फेल होने पर उसका हौसला बढ़ाया। गुरुवार को सीजीबीएससी ने रिजल्ट जारी किया था। परिवाल वालों की समझाइश के बाद भी तनाव के कारण उसने फांसी लगा ली। शुक्रवार सुबह उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।



### पुलिस की कार्रवाईः ज्वेलर्स दुकान से 30 हजार रुपए की मूर्ति व जेवरात की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बालोद (ए)।** जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर ग्राम करहीभदर के कंचन ज्वेलर्स दुकान से 30 हजार रुपए के जेवरात व मूर्ति की चोरी हो गई। संचालक रामपुर वार्ड धमतरी निवासी हेमराज सोनी ने बताया कि चोरी की वारदात 30 अप्रैल की रात से एक मई के बीच की है। अपने स्तर पर चोर को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। जिसके बाद गुरुवार को बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा। धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

एक मई को दोपहर 2.30 बजे ज्वेलर्स दुकान पहुंचा तो सामने का दरवाजा टूटा था। अंदर जाकर देखा तो केबिन में रखे चांदी के पायल, बिछिया, अंगुठी, बचकानी चूड़ा तथा दुकान में रखे भगवान की एल्युमिनियम की मूर्ति एवं बेनटेक्स सामान गायब था। मामले में शुक्रवार को आरोपी कोमू निषाद और केशवराम जोशी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

21 लाख का 218 किलो गांजा पकड़ाया

## ट्रैक्टर ट्रॉली में बनाया चैंबर, उसी में छिपाकर ओडिशा से लाया जा रहा था गांजा

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में पुलिस ने 218 किलो गांजा की तस्करी करते एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से बरामद गांजा की कीमत करीब 21 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। तस्कर ट्रैक्टर ट्रॉली में एक चैंबर बनाकर उसी में गांजा के 40 पैकेट छिपाकर ओडिशा से ला रहा था। जिसे कोंडागांव में पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भी भेज दिया गया है।




जानकारी के मुताबिक, कोंडागांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, ओडिशा से एक ट्रैक्टर ट्रॉली में गांजा की तस्करी हो रही है। गांजा की एक बड़ी खेप को बिना नंबर वाले ट्रैक्टर में छिपाकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा है। मुखबिर की इसी सूचना के बाद कोंडागांव पुलिस ने जिला मुख्यालय में चेक पोस्ट लगाया। साथ ही आने-जाने वाली वाहनों की तलाशी ली गई। इसी बीच जगदलपुर की तरफ से रायपुर की तरफ जा रहे एक ट्रैक्टर को रुकवाया गया। उस ट्रैक्टर में भी नंबर प्लेट नहीं था। पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाशी ली तो ट्रॉली के नीचे एक अलग चैंबर बना हुआ पाया। जब चैंबर को खोल कर देखा गया तो अंदर करीब 40 पैकेट गांजा भरा हुआ था। जिसकी बाजार में कुल कीमत 21 लाख 80 हजार रुपए थी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक हुरा मड़काम (35) को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उससे पूछताछ की गई। उसने पुलिस को बताया कि ओडिशा के मलकानगिरी से गांजा छिपाकर ला रहा था। जिसे रायपुर की तरफ लेकर जा रहा था। गांजा की इस खेप को किसी ठिकाने में पहुंचाना था। हालांकि, आरोपी से कई बड़े खुलासे भी हुए हैं। एसपी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

नाबालिग से दोस्ती, प्यार और फिर रेप

## शादी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी, फिर भगाकर अपने साथ ले गया, आरोपी गिरफ्तार

**कोंडागांव (ए)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक युवक ने नाबालिग से पहले दोस्ती की, फिर उसे प्यार के जाल में फंसाया। जिसके बाद नाबालिग का बलात्कार किया है। शादी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी और अपने साथ भगाकर ले गया। लेकिन, बीच रास्ते में ही छोड़कर खुद फरार हो गया। अब पुलिस ने आरोपी युवक को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामला जिले के अनंतपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, नाबालिग के परिजनों ने 7 मई को पुलिस थाना में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि, उनकी बेटी घर के बाहर ही कहीं आस-पास जाने के लिए निकली थी। लेकिन, देर शाम तक घर ही नहीं लौटी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुलिस को पता चला कि, उमरकोट के ढोंडेसरा के रहने वाले तुलाराम गौउड़ के साथ उसकी बातचीत थी।

पुलिस ने तुलाराम गौउड़ का भी पता लगाया। लेकिन, वह कहीं नहीं मिला। मुखबिर से पुलिस को जानकारी मिली थी 8 मई को उसे एक लड़की के साथ उमरकोट बस स्टैंड में देखा गया है। यह जानकारी मिलते ही पुलिस भी बस स्टैंड पहुंची। हालांकि, पुलिस के आने से पहले ही तुलाराम फरार हो गया था। बस स्टैंड से नाबालिग को पुलिस ने बरामद किया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया।


नाबालिग ने परिजनों और पुलिस को बताया कि, तुलाराम के साथ किसी माध्यम से उसकी दोस्ती हुई थी। उसने प्यार के जाल में फंसा कर दुष्कर्म किया। शादी करने का दबाव बनाया। साथ ही अपने साथ चलने को कहा। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। लेकिन, फिर बस स्टैंड में छोड़कर भाग गया। जिसके बाद पुलिस युवक की तलाश में जुट गई थी।

पुलिस को खबर मिली की आरोपी युवक ओडिशा के सारागुढ़ा इलाके में छिपा हुआ है। मुखबिर के बताए अनुसार पुलिस भी मौके पर पहुंची। जवानों ने घेराबंदी कर एक घर से आरोपी को पकड़ लिया। जिसे न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## सुकमा में पुलिस नक्सली मुठभेड़, एक नक्सली ढेर, घात लगाकर किया था हमला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में बीती रात पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सर्चिंग से लौट रहे जवानों पर नक्सलियों ने घात लगाकर फायरिंग की। इसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। इस दौरान एक नक्सली ढेर हो गया है। सुरक्षाबलों ने नक्सली का शव बरामद किया है। सुकमा पुलिस ने घटना की पुष्टि की है।




मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जिले के सिमेल और गोगुंडा की पहाड़ियों पर भारी संख्या मे नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर सुकमा की DRG टीमें, STF टीमे , CRPF की टीमे अन्य सुरक्षा बलों के साथ रवाना हुई थी द्य सर्च ऑपरेशन के बाद वापसी के दौरान सिरसेटी ग्राम के कोडेलपारा के जंगलों में रात लगभग 9 बजे नक्सलियों की द्वारा सुकमा पुलिस DRG पार्टी पर घात लगाकर हमला किया गया। इसके बाद DRG के जवानों ने मोर्चा संभाला और जवाबी फायरिंग की।

जवाबी कार्रवाई में जवनों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग गए। इसके बाद सर्चिंग में घटनास्थल पर एक नक्सली का शव मिली है। वहीं पुलिस का दावा है कि इस मुठभेड़ में 3 से 4 नक्सली घायल भी हुए हैं। सुरक्षाबलो ने घटनास्थल से हथियार, भारी मात्रा में आर्म्स एम्युनेशन एवम नक्सल सामग्री बरामद की है। फिलहाल क्षेत्र में जवान सर्च कर रहे हैं। जवानों की वापसी के बाद विस्तृत जानकारी मिलने की बात कही गई है।

## अधेड़ की लाश मिलने से मचा हड़कंप, एक दिन पहले साली के घर शादी में पहुंचा था शख्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में शुकवार की सुबह महुआ के पेड़ के नीचे शख्स की लाश मिली। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। जिस शख्स की लाश मिली है वह एक दिन पहले ही गांव में अपनी साली की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचा था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। पूरा मामला थाना डौण्डी थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय सुकलाल दर्रो पिता जयसिंह दर्रो गोटीपारा गांव के रहने वाले हैं। बुधवार को वह अपने गांव से अपनी साली की लड़की की शादी में बालोद के डौंडी थाना क्षेत्र पहुंचे थे। इस दौरान वे तेल नृत्य कार्यक्रम में शामिल हुए और रात 11 बजे तक जमकर ठुमके लगाए। इसके बाद वह अपना सामान लेकर शादी वाले घर से निकल गया। इसके बाद शुक्रवार सुबह अरजगुंडरा और खुर्सीटिकुर गांव के बीच सड़क के किनारे महुवा पेड़ के नीचे लाश मिली। पुलिस के अनुसार सुकलाल दर्रो ने फांसी लगाई है और उसके वजन से डाली टूट गई जिससे उसका शव नीचे गिर गया। घटना की सूचना के बाद शादी वाले घर में मातम सा छा गया। पुलिस द्वारा मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### जिला चिकित्सालय को मिला क्वालिटी सर्टिफिकेशन

**दुर्ग।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) अंतर्गत भारत सरकार के प्रतिनिधि दल डॉ. जसुआ अभिषेक बी आंध्रप्रदेश, डॉ. श्रीराम मोहंती और डॉ. शकीला राजू द्वारा 22 से 25 मार्च 2023 तक जिला चिकित्सालय दुर्ग का निरीक्षण कर कार्यक्रम के मापदण्डों सर्विस प्रोविजन, पेशेंट राईट, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इनफेंक्शन कंट्रोल, क्वालिटी कंट्रोल और आउटकम अनुसार मूल्यांकन किया गया था। जिसमें जिला चिकित्सालय दुर्ग उक्त आठ मापदण्डों अनुसार क्वालिफाई होकर क्वालिटी सर्टिफिक्रेशन प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन नई दिल्ली द्वारा जिला चिकित्सालय दुर्ग के 14 विभाग को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएएस) के सभी मापदण्डों में क्वालिफाई कर 88 प्रतिशत अंक प्रदान किया गया हैं। लक्ष्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय दुर्ग के लेबर कक्ष को 90 प्रतिशत अंक एवं गयानिक ओटी को 82 प्रतिशत अंक के आधार पर क्वालिटी सर्टिफिक्रेशन प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर के 3 मूल्यांकन कर्ताओं के द्वारा दस्तावेजों की समीक्षा तथा स्टॉफसे साक्षात्कार पश्चात् संतुष्ट पांये जाने के बाद ही सर्टिफिक्रेशन प्रदान किया गया है। एनक्यूएएस के अंतर्गत वर्ष 2018 से अब तक राज्य के केवल 10 जिला अस्पताल को यह उपलब्धि प्राप्त था वर्ष 2022-23 में जिला अस्पताल दुर्ग राज्य का पहला सर्टिफाईड अस्पताल है। साथ ही मार्च 2023 में मुस्कान कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय के शिशु रोग विभाग को केन्द्र स्तरीय दल द्वारा मूल्यांकन पश्चात भारत सरकार द्वारा 97 प्रतिशत अंक प्रदान किये गये है। जिला चिकित्सालय दुर्ग राज्य का पहला जिला चिकित्सालय है जो कि मुस्कान क्वालिटी सर्टिफाईड है।

### मृतक के परिजन को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सुंदर नगर बोरसी, तहसील व जिला दुर्ग निवासी बिरेन्द्र महतो की विगत 12 नवबंर 2021 को तालाब में डूब जाने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम रवेलीडीह तहसील व जिला दुर्ग निवासी कल्पित कुमार साहू की विगत 29 मई 2021 को तलाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक स्व. बिरेन्द्र महतो की पत्नि माला देवी को 4 लाख रूपये और मृतक स्व. कल्पित कुमार साहू के पिता सोनू कुमार साहू को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### वित्तीय साक्षरता पर क्विज स्पर्धा संपन्न

**दुर्ग।** रिजर्व बैंक ऑफइंडिया के पहल से वित्तिय साक्षरता विषय पर उच्च माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए क्विज स्पर्धा का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में 11 मई 2023 को दुर्ग जिला में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल और जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप कुमार नायक के मार्गदर्शन में जिला के तीन विकासखंड से चयनित तीनों टीम के बीच में जिला स्तरीय अंतिम क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग शिक्षा संभाग के मंथन हाल में किया गया।

### खुर्सीपार में संवर रहा बैक लाइन...

# विधायक देवेन्द्र की पहल पर हो रही सफाई और बदला जा रहा पाइप लाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से पहली बार खुर्सीपार क्षेत्र के बैकलाइन की सफाई करवाई जा रही है। 1 करोड़ रुपए की लागत से न सिर्फ सफाई कराई जा रही है बल्कि यहां के बैकलाइन की दीवारों को पेंट कर आकर्षक रूप भी दिया जा रहा है। इससे पूरे बैक लाइन की तस्वीर की बदलती दिख रही है। विधायक देवेन्द्र यादव ने शुक्रवार को बैकलाइन की सफाई व यहां की दीवारों पर हो रही पेंटिंग का निरीक्षण करने पहुंचे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



बता दें 50 साल से भी ज्यादा पुराने इन बैक लाइन की सफाई और पाइप लाइन के नवीनीकरण और चैंबर के संधारण की ओर कभी किसी ने भी ध्यान नहीं दिया था।

लेकिन भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगो की समस्याओं को समझा और पहल की। लोगों सालों से गंदगी के बीच रह रहे थे। स्थिति ऐसी थी कि लोग घर के पीछे गंदगी के पास दो मिनट खड़े भी नहीं हो पाते थे। गंदगी और बदबू के बीच मजबूरी में जीवन यापन कर रहे थे। लोगों की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं था।

लोगों की समस्याओं को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बखूबी समझा और समस्या का समाधान भी किया। करीब एक करोड़ की लागत से पूरे क्षेत्र के बैक लाइन की सफाई कराई जा रही है। करीब 50 साल पुराने बैकलाइन की सफाई कराकर पुराने पाइप लाइन को निकालकर नई पाइप लाइन की लगाया जा रहा है। वार्ड 50 शास्त्री नगर वार्ड 45 बालाजी नगर वार्ड 48 जोन 3, सुभाष मार्केट सभी एरिया में काम किया गया है। अब लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब पहले की तरह लोगों के घरों और गलियों में सीवर का पानी नहीं भरेगा। लोग साफ व स्वच्छता के बीच रहेंगे। विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि ये तो अभी शुरुआत है। अभी तो सिर्फ वार्ड 48, सुभाष मार्केट, वार्ड 50 और 45 के सीवर लाइन को बदला जा रहा है। इसके बाद आने वाले दिनों में पूरे खुर्सीपार क्षेत्र के पूरे सभी वार्ड के बैक लाइन की सफाई की जाएगी। पूरा बेक लाइन साफकर नई पाईप लगाई जाएगी। जो काम 50 साल में नहीं हुआ वो काम कब होगा। हम एक बेहतरीन और मॉर्डन स्ट्रीट रेडी कर रहे है। अभी जहाँ के सीवर लाइन की सफाई और पाइप बदलने का काम हुआ है। वहाँ के लोगों में बहुत हर्ष का माहौल है।

# फाईट द बाइट के तहत् कालोनी पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के मार्ग दर्शन में मच्छर उन्मूलन अभियान 2023 (फाईट द बाइट) 01 से 15 अप्रैल 2023 तक स्वच्छता अभियान कॉलोनी एशोसियेशन में चलाया गया। 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2023 तक सर्वेक्षण कार्य किया गया, टीम को कुल 57 सर्वेक्षण सूची सभी नगर निगम से प्राप्त हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित टीम के द्वारा मूल्यांकन सूची का अंतिम सूची का नगर निगम के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय की प्राप्त कालोनी का सम्मान समारोह 12 मई 2023 को जिला अस्पताल के टेलीमेडिसिन कक्ष में आयोजित किया गया।



जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पाताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. वाय. के. शर्मा, आर.एम.ओ. डॉ. अखिलेश यादव, डब्ल्यू.एच.ओ. स्टेट कल्सल्टेंट डॉ.एस. प्रधान एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के अध्यक्षता में सभी नगरी निकाय के कालोनी एसोसियेशन के अध्यक्षकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुष्पगुच्छ प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो दे कर सम्मान किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम ने बताया कि नगर निगम भिलाई में प्रथम वंदना रेसीडेंसी, द्वितीय कुबेर इन्चलय, तृतीय ड्रिम होम दुर्ग नगर निगम में प्रथम वर्धमान हाईट, द्वितीय स्थान लक्ष्मी हाईटेज बोरसी, तृतीय ऋषभ ग्रीन सिटी पुलगांव, नगर निगम रिसाली में प्रथम बसेरा इन्क्लेव, द्वितीय द चौव अपार्टमेंट, तृतीय मधुरिसा हाईट्स फेस 01, नगर निगम चरोदा में प्रथम सिद्धार्थ टाउन, द्वित्तीय वृन्दावन रेसीडेंसी, तृतीय महामाया अपार्टमेंट, नगर पालिका अम्लेश्वर में प्रथम वुडआईलैण्ड कालोनी, द्वितीय देवनागरिय कालोनी, तृतीय स्थान महादेव वाटिका को प्राप्त हुआ है।

# वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान जागरूकता हेतु किया गया वृक्षारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बारह महीने नदी की धारा के प्रवाह बनाए रखना है ताकि भूमि के जल स्तर को बढ़ाया जा सके। इससे नदी के आस पास हरियाली में वृद्धि होगी तथा वातावरण में बढ़ते तापमान को कम करने से जीवन स्तर में सुधार हो इस उद्देश्य के पूर्ति हेतु जिले के समस्त विकासखण्ड में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान के तहत नदीतट पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में वृक्षमाला नदीतट संरक्षण के तहत ग्राम पंचायत बिरोदा में वृक्षारोपण किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को वृक्षमाला बनाने के लिए नदीतट संरक्षण के लिए जागरूक करते हुये वृक्षों के उपयोगिता एवं मिलने वाले लाभों के बारे में बताया जा रहा है तथा वृक्षों के संरक्षण एवं अधिक से अधिक नदीतट पर वृक्षारोपण करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाभियान 1 मार्च से 15 अगस्त 2023 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत मार्च से अगस्त तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मार्च-अप्रैल में ग्राम पंचायत में सोशल मीडिया, बैनर, दीवार- लेखन और पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार के साथ वृक्षारोपण अभियान के बारे में जागरूकता पैदा की जाएगी। मई माह में वृक्षारोपण अभियान की जागरूकता और योजना के संबंध में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। मई से जून तक जिस स्थान पर वृक्षारोपण किया जाएगा, उस स्थल पर गड्ढा खोदने का काम किया जाएगा और जुलाई से अगस्त तक नदी तटों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

### महापौर नीरज पाल ने रखी आधारशिला

# निगम तुहत द्वार महापौर संग गोठ के तहत वैशाली नगर में होंगे कई विकास कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगम तुहत द्वार महापौर संग गोठ के तहत आज महापौर नीरज पाल वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर पहुंचे। वहां उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ भेट मुलाकात करते हुए वार्ड क्षेत्र का निरीक्षण किया लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कृपाल नगर पहुंचने पर लोगों ने नाली की समस्या बताई जिस पर महापौर ने मौके पर अधिकारियों को नाली निकासी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।



वही वार्ड 14 के सड़क नंबर 1, 2 और 3 में पानी की समस्या होने पर अधिकारियों को इंटरकनेक्शन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था सुदृण करने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 14 शिवाजी नगर में बोर की मांग पर महापौर ने बोर खनन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। वार्ड भ्रमण एवं भेट मुलाकात के दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, सभापति गिरवर बंटी साहू, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्थानीय पार्षद अभिषेक मिश्रा, एमआईसी सदस्य नेहा साहू एवं लालचंद वर्मा, जोन आयुक्त येशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा व निगम के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में महापौर ने कई कार्यों की रखी आधारशिला वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर में महापौर नीरज पाल ने आज विकास कार्यों को लेकर आधारशिला रखी और मोहल्ले वासियों एवं जनप्रतिनिधियों से भूमि पूजन करा कर कार्य की शुरुआत कराई।

वार्ड क्रमांक 14 में 10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। सड़क नंबर 36 में 10 लाख की लागत से सीमेंटीकरण का कार्य होगा तथा तीन लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण किया जाएगा।

# भिलाई में 18 को लगेगा देश भर के कला साधकों का मेला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रंगमंच एवं ललित कलाओं को समर्पित संस्था संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के बैनर तले राष्ट्रीय वैचारिक संगोष्ठी एवं लोककला साधक सम्मान समारोह 18 मई गुरुवार को इंजीनियर भवन सिविक सेंटर में किया गया है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित देशभर के विभिन्न राज्यों के ख्यातिलब्ध कलाकारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष पद्मश्री डा. राधेश्याम बारले ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम स्तर पर है। इस आयोजन में प्रमुख राज्य आंध्रप्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड,



उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, असम, पांडिचेरी, राजस्थान और गोवा आदि राज्यो से आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें इन राज्यों के 20 कलाकारों को भारत गौरव सम्मान, इनके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के 28 जिला के प्रसिद्ध 65 कलाकारों को छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान, एवं 50 कलाकारों को कला साधक सम्मान प्रदान किया जाएगा।

इनमे पंथी, करमा, पंडवानी, भरथरी, रावत नाच, सरहुल ,सुवा नृत्य ,शैला, रिलो, काकसर, गौरमाड़िया, गेड़ी नृत्य, नाचा गम्मत,हास्य अभिनय, रहस नृत्य, लोकमंच, मूर्तिकार घुरा शिल्प, भित्तिचित्र कला, काष्ठकला, बेल मेटल, रंगोली , पेंटिग, बांस शिल्प, बस्तर आर्ट्स, भरतनाट्यम ,कुचिपूड़ी, नाट्यकला व धातु शिल्प आदि से जुड़ी 40 से ज्यादा विधा के कलाकारो को सम्मानित किया जाएगा।

### 347 पदों के लिए 18 मई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा निजी नियजकों द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 18 मई 2023 को किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक श्री शक्ति एंटरप्राइज ट्रांसपोर्ट नगर दुर्ग, ए.सी.एम.डबलू. ऑटोमेशन प्रा.लि., टेक्नोटास बिजियस सोल्यून प्रा.लि., प्रकाश ज्वेलर्स शनिचरी बाजार दुर्ग, एन.आई.आई.टी. लिमिटेड के लिए विभिन्न पद रिक्त हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग में 18 मई को समय प्रातः 10.30 बजे से उपस्थित हो सकते है। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

# निःशुल्क स्वास्थ शिविर में 150 से ज्यादा लोगों ने कराया स्वास्थ जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नि:शुल्क स्वस्थ शिविर टीम द्वारा वयम् मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और सेवक जन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एकांश बंछोर सेक्टर 5 पार्षद एवं लोक कर्म विभाग भिलाई नगर निगम और समाज सेवक डॉ हरजिंदर सिंह द्वारा सेक्टर 5 सड़क 12/13 के मध्य स्थित डोम सेड में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया ।



जिसमे सामान्य जांच विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, नेत्र चिकित्सक और रक्त जांच, बीपी शुगर के 25 से ज्यादा डॉक्टर की टीम द्वारा नि: शुल्क जांच की गई इस शिविर में 150 से ज्यादा मरीजों ने स्वास्थ लाभ लिया सेक्टर 5 एरिया के सभी वर्ग के नागरिक स्वास्थ शिविर के आयोजन से बहुत खुश थे एकांश बंछोर द्वारा बोला गया को उनकी टीम द्वारा आगे भी नि:शुल्क स्वास्थ शिविर लगाया जाएगा और लोगो से ये जानकारी ली जाएगी की उन्हें किस विशेषज्ञ के डॉक्टर की ज्यादा जरूरत है उसी विभाग के विशेषज्ञ डाक्टर को शिविर में बुलाया जाएगा।

विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा जो विधायक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है वो नगर निगम के हर वार्ड हर मोहल्ले हर घर तक पहुंचाया जाएगा जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर का लाभ उठा सके ।

### शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य

समाज सेवक डॉ हरजिंदर सिंह द्वारा बताया गया की विधायक देवेंद्र यादव नि:शुल्क स्वास्थ शिविर की टीम द्वारा मुख्य उद्देश्य यह है की जब घर पर किसी की तबियत खराब हो तो लोगो को ये नही पता चल पता की किस हॉस्पिटल में किसी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर है।

जब तक हम 2 से 3 अस्पताल घूमते हुए मरीज को सही हॉस्पिटल लेकर जाते ही तब तक मरीज की स्तिथि थोड़ी खराब हो जाती है अगर हमे पहले ही पता रहेगा की किस हॉस्पिटल में उस मरीज के इलाज के लिए उस इलाज के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद है तो अप्रिय स्थिति ही नही होगी।

विधायक नि:शुल्क स्वास्थ शिविर के साथ भिलाई दुर्ग के बहुत से अस्पताल अपनी नि:शुल्क सेवा दे रहे है और उनकी टीम ये जानकारी ले रही की किस वार्ड किसी मोहले में किस रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर की जरूरत सबसे ज्यादा है ताकि उसी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर को उस वार्ड उस मोहल्ले में शिविर आयोजित किया जा सके।

# आधार अपडेट कराने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड हेतु आज से 15 तक 10 वार्डो के चार स्थानों में लगेगा शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुष्मान कार्ड शिविर वार्ड क्रमांक 09 शीतला मंदिर में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने किया उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ औचक निरीक्षण।आयुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा और भी ज्यादा से ज्यादा लोगो का आयुषमान कार्ड बनाये। टार्गेट पूरा करें।



उन्होंने कहा कि आधार कार्ड का अपडेट होना जरूरी है। आधार कार्ड अपटेड शिविर के लिए कहा।आज शिविर स्थलों में 645 लोगो ने बनावाया आयुषमान कार्ड। इसलिए नगर निगम दुर्ग अब आधार कार्ड अपडेट के लिए 30 मई तक शिविर लगाएगा। आधार कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने सभी वार्ड में शिविर लगेंगे। कल 13 मई दिन शनिवार को सुबह 10 से शाम पांच बजे तक।वार्ड क्रमांक 1,2,और 56 के हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु चंद्रशेखर उच्च माध्यमिक विद्यालय पंचशील नगर। वार्ड क्रमांक- 3 4,5 शासकीय प्राथमिक शाला बालक गया बाई गया नगर के रहवासियों के लिए शिविर लगाया जाएगा।क्रमांक 6,7, और 8 में शासकीय प्राथमिक शाला तिलक बालक शिक्षक नगर में शिविर लगाया जाएगा।वार्ड क्रमांक-44 व 46 विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर में शिविर का आयोजन किया में छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड के साथ साथ आधार कार्ड भी बनाया जाएगा।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि शासकीय योजनाओं व सेवाओ के लाभ लेने हेतु आधार का सत्यापन किया जाना जरूरी है।जिसके 8-10 वर्ष पूर्व योजनाओं का फायदा लेने में हितग्राहियो को किसी प्रकार का परेशानियो का सामना करना न पड़ें।

वार्ड 1,2 व 56 के लिए चंद्रशेखर उच्च माध्यमिक विद्यालय पंचशील नगर।वार्ड 3,4 व 5 के लिए शास0प्राथ0शाला बालक गया बाई गया नगर।वार्ड 6,7, व 8 के लिए शास0प्राथ0शाला तिलक बालक, शिक्षक नगर के अलावा वार्ड 45 व 46 के लिए विवेकानंद भवन पद्मनाभपुर में आधार कार्ड बनाया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950